माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

बरेली
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 80, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

## यूपी बजट 2024-25

# योगी सरकार का महाबजट

*लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।*




**7.36** लाख करोड़ रुपये का पेश हुआ बजट

**03** हजार रुपये महिला-पुरुष किसानों को 60 साल पूरा करने के बाद पेंशन

**25** हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

**400** करोड़ रुपये अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए

**3.46%** राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

**575** करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को देंगे

**500** करोड़ रुपये चीनी मिल नवनिर्माण और पुनर्निर्माण के लिए मिलेंगे

**4,000** करोड़ रुपये टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए

**1,140** करोड़ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए

**3,000** करोड़ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, टाउनशिप के लिए

**2,057** करोड़ रुपये गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को मिलेंगे

**346** करोड़ रुपये आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए मिलेंगे

## 1500 एकड़ में बनेगी एयरो सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा। वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपये से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं,1.50 लाख रुपये के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

### नगर विकास

## 2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन

अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उनहोंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

## प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437 .71 करोड़ रुपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863 .57 करोड़ रुपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। योगी सरकार ने 8वां बजट पेश किया है। चुनावी साल में पेश हुए इस बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है।



## 2023-24 की तुलना में बजट में 6.7% की वृद्धि

सीएम योगी ने कहा, हम सब जानते हैं कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित हमारा बजट अब तक का उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा बजट है। सात लाख की सीमा को पार किया है। 2023-24 की तुलना में बजट में 6.7% की वृद्धि की गई है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की जो प्रतिबद्धता है।

### सपने दिखाने वाला बजटः अखिलेश



विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

### चुनावी हित का ज्यादा ध्यान : मायावती



वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास संबंधी पिछले सारे वादे सरकार के पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन होना भी जरूरी है।

## बजट में क्या-क्या है खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलध कराने के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश






रुपया आता है ...




रुपया जाता है ...




# युवा उद्यमी विकास अभियान

**नई योजना का आगाज**

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

## शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की








परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।

**01** लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

**05** लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

**07** लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा

## मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

**कृषि-किसान**

**लखनऊ, अमृत विचार :** कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश : 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160.95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

# युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**कौशल विकास**

**अमृत विचार:** युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

**150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब:** विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

**4** हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

**01** अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।

**01** हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।

**महामारी के बाद, निरंतर 14 प्रतिशत से अधिक का आर्थिक विकास**




## बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

**बेसिक शिक्षा**

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

# 1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

**खेल बजट**



**लखनऊ।** प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

## ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

## परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

**लखनऊ अमृत विचार :** बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि:शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1.03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

## तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

**माध्यमिक शिक्षा**

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516.64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10.46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।



**नजरिया**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर**

# श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप



**गोलेश स्वामी**
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों (एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।



इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

## प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

**उच्च शिक्षा**

**लखनऊ, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये, नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 80, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

## यूपी बजट 2024-25

# उद्योग प्रदेश बनाने के लिए सरकार ने खोला खजाना

### एफडीआई, ग्लोबल फॉर्च्यून 500 और इंडिया फॉर्च्यून 500 कंपनियों को निवेश के लिए 250 करोड़ की व्यवस्था

### राज्य सरकार में पूरे हुए डिफेंस कॉरीडोर के 6 में से 3 नोड्स का आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्सव, उद्योग और उम्मीद, यही है नये यूपी की तस्वीर। यूपी विधानसभा में बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वाक्य को यूहीं नहीं दोहराया। दरअसल, प्रदेश के इतिहास में अबतक के सबसे भारी-भरकम बजट में राज्य सरकार ने उद्योग और आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए खजाना खोल दिया है। प्रदेश में एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्राक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़ रुपये का बजट में प्राविधान किया गया है।

**एमएसएमई**

### 10 प्लेज पार्क किए जाएंगे स्थापित

प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक ओर सरकार जहां 1000 करोड़ के बजट के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू कर रही है तो वहीं, निजी क्षेत्र में औद्योगिक संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में 10 प्लेज पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना जो 2023 से संचालित है में अधिकतम 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता सूक्ष्म उद्यमियों को दिए जाने की व्यवस्था है।



### अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास पर खासा जोर

यूपी को उद्योग प्रदेश बनाने के लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास पर खासा जोर दिया गया है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एक नये औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन के बाद इसके अंतर्गत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना है। साथ ही सेमी कंडक्टर, डाटा सेन्टर, स्टार्टअप एवं आईटी सेक्टर से सम्बंधित विशेष योजना भी इसमें शामिल है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश में डिफेंस कॉरीडोर में बड़े पैमाने पर कार्य जारी है। डिफेंस कॉरीडोर के 6 नोड्स में से 3 नोड्स का आवंटन पूर्ण हो चुका है।



**5** लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता सूक्ष्म उद्यमियों को दिए जाने की है व्यवस्था



<< बजट पेश करने विधानसभा जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

**हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग**

### 40 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य, बुनकरों का खास ख्याल

राज्य सरकार ने 2024-2025 में वस्त्रोद्योग के क्षेत्र में 40 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल्स के नए हब बनाकर निवेश एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जाएगा। हथकरघा बुनकरों के साथ-साथ पावरलूम बुनकरों के उत्थान के लिए अटल बिहारी बाजपेई पावरलूम विद्युत फ्लैट रेट योजना के लिए 400 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल्स एंड अपैरल योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में लगभग 1000 एकड़ क्षेत्रफल में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्वीकृत किया गया है। यह पार्क टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र में दस से 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करेगा जिससे लगभग एक लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। पार्क की स्थापना हेतु 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। जनपद वाराणसी में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय हेतु 150 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।



### स्टेट हाईवे के लिए 2881 करोड़ सड़कों के लिए 3000 करोड़

सड़क और पुलों के लिए भी राज्य सरकार बड़े स्तर पर धन खर्च करेगी। इसमें राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 2881 करोड़ और धर्मार्थ मार्गों के विकास के लिए 1750 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण के लिए 3000 करोड़ तथा निर्माण के लिए 2500 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। ऐसे ही औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक पार्क के लिए 4 लेन मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और निर्माण के लिए 800 करोड़ की व्यवस्था की गई है। वहीं, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं के लिए मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण, नवनिर्माण और पुनर्निर्माण के लिए 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था बजट में की गई है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे को 2057 करोड़

इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 2057 करोड़ 76 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से ज्यादा है। ऐसे ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए नये लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए 500 करोड़ की व्यवस्था की गई है।



### पुलों और आरओबी पर 3850 करोड़ होंगे खर्च

शहरों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए 1350 करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेतुओं के लिए 1500 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार शहरों में अन्य फ्लाईओवर आदि के निर्माण के लिए भी 1000 करोड़ की बजट में व्यवस्था की गई है।



"प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी व विकास की राह दिखाने के साथ-साथ रामराज की परिकल्पना साकार करने वाला है। इससे विकास को गति मिलेगी, साथ ही प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी व युवाओं के लिए कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।"

**-आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल**

### कई बार अयोध्या का उल्लेख

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में किये गये प्रबन्धों की सराहना देश-दुनिया से आये अतिथियों ने की है। सीएम ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के भव्य मन्दिर का अयोध्या में निर्माण होने से हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र को बहुत प्रोत्साहन मिला है। अयोध्या विश्व का बहुत बड़ा पर्यटन केन्द्र बन गया है, यहां पर भारत और विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में बहुत बड़ा इजाफा हुआ है। सुरेश खन्ना ने कहा कि आज हमारे प्रदेश का शासन कहीं न कहीं रामराज्य की अवधारणा से अनुप्रेरित है और सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर है तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## 2030 तक वनावरण व वृक्षावरण 15 प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**वन व पर्यावरण**

**अमृत विचार।** राज्य सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को प्रस्तुत किए आम बजट में वन व पर्यावरण से जुड़े कार्यों को भी विस्तृत रूप से रखा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में हरीतिमा वृद्धि हेतु सतत प्रयासरत है।

कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हरीतिमा वृद्धि हेतु सतत् प्रयासरत है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.23 प्रतिशत है। वर्ष 2030 तक वनावरण एवं वृक्षावरण 15 प्रतिशत तक किये जाने का लक्ष्य है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश में हरीतिमा विस्तार हेतु प्रदेश में वृहद स्तर पर 35 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 36.16 करोड़ पौधारोपण का कार्य कराया गया। वर्षाकाल-2024 में 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है।

कहा कि सामाजिक वानिकीकरण योजना हेतु 600 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पौधशाला प्रबंधन योजना हेतु 175 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों हेतु 110 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट योजना के लिए 48.94 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने कहा कि जनपद लखनऊ स्थित कुकरैल वन क्षेत्र में कुकरैल नाइट सफारी पार्क की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।



# मेगा बजट में किस विभाग को क्या और कितना मिला

राज्य सरकार ने 2024-25 के पेश बजट में लगभग हर क्षेत्र के लिए कुछ ना कुछ घोषणाएं की। एक नजर में समझिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा, रोजगार, पर्यटन, उद्योग, महिला बाल विकास आदि क्षेत्र में आम जनता को क्या-कितना मिला है।

**22** हजार करोड़ रुपये जल जीवन मिशन के लिए



- सौर ऊर्जा नीति2022 के तहत अगले पांच साल में 22000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य। 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थीं, जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है।
- 2600 करोड़ महाकुम्भ मेला-2025 के लिए, 100 करोड़ अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए
- 575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड विकास निधि में
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ।
- 14 जिलों में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन। 16 असेवित जिलों में निजी निवेश से मेडिकल कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रामा सेंटर लेवल-2 को ट्रामा सेंटर लेवल-एक में 100 बेड व एपेक्स ट्रामा सेंटर में दो सौ बेड से उच्चीकृत करने के लिए तीन सौ करोड़ की व्यवस्था।
- गर्मी में लगातार बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना मंज 33 प्रतिशत अधिक।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुष विभाग के तहत गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोनखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने तथा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन के तहत टाउनशिप विकसित करने के लिए वर्ष 2024-25 को बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना में उप्र के अंश के रूप में 346 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित।
- पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2441 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित।
- बुंदेलखंड में नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप बुंदेलखंड में भी औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना।
- आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में अध्यनरत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की डेढ़ लाख रुपये मानदेय की व्यवस्था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के 2057 करोड़ 76 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो कि वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी।
- पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 16,348 मेगावॉट थी, जिसे 2022-23 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट रही 2023-24 में इसे बढ़ाकर 31,500 मेगवॉट करने का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई प्रस्तावित। इसमें से दो हजार करोड़ रुपये अनुरक्षण मद के लिए निर्धारित।
- अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम की स्थापना व उसके विस्तार के लिए 150 करोड़ की व्यवस्था हुई प्रस्तावित।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक लाख से 10 लाख रुपये तक की दी जाएगी आर्थिक क्षतिपूर्ति।
- महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तथा लाईट लगवाना। डार्क स्पाट्स-हॉट प्वाइंट्स का चिन्हीकरण, पिंक बूथों की स्थापना, बस व टैक्सियों में पैनिक बटन लगवाने की व्यवस्था।

### 1000 करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या



इसी तरह वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के अंतर्गत 800 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं जो वर्तमान वर्ष के सापेक्ष 60 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के शहरों को बाढ़ की समस्या एवं जलभराव से मुक्ति के लिए अर्बन फ्लड एवं स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना प्रारम्भ की गई जिसके लिए 1000 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित मलिन बस्ती विकास योजना के लिए 675 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में लगभग दो गुना है। नगरीय सेवा और अवस्थापना विकास की नई योजना के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के लिए 400 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है जो वर्तमान वर्ष के सापेक्ष 63 प्रतिशत अधिक है। कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के लिए 400 करोड़ की व्यवस्था की गई है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दो गुने से अधिक है।

### रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेश: भूपेंद्र चौधरी



अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है। गरीब कल्याण को समर्पित इस बजट ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। प्रदेश सरकार ने कुल बजट में 25 फ़ीसदी हिस्सा इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर लगाने की बात कही है। इससे न केवल राज्य में निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोज़गार के लिए नये अवसर मिलेंगे। राजकोषीय घाटा कम कर सरकार 24 हजार करोड़ से ज्यादा की नई जनकल्याणकारी योजनाएँ भी प्रदेश सरकार शुरू करेगी। यह प्रशंसनीय है।



विधान सभा में सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकार्ड

## वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वर्ष 2017-18 बजट में 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी**
- **वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की गई थी बढ़ोतरी**

**अमृत विचार:** प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।

## डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दु:ख से मुझे आराम है। हर किसी के वास्ते हर वस्तु है, यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।
- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,
ढ़ल गयी है आह भी संगीत में,
जगमगाता है हृदय का अंधकार,
कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।




# विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रहीं: ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

### यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

### उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजट:अजय राय



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है।उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

### बजट बड़ा, पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा



नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

### आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल



रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

### आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा: अनुप्रिया



अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7.36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

# 27 हजार करोड़ से संवरेंगी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वेलनेस सेन्टर,केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की होगी स्थापित**
- **स्वास्थ्य, योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती**

**अमृत विचार:** प्रदेश में सस्ता व बेहतर इलाज के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को 27 हजार 86 करोड़ का बजट दिया गया है। बजट से राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम योजनाओं को रफ्तार मिलेगी ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के लिए 7 हजार 350 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में हेल्थ वेलनेस सेन्टर केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना के लिए 952 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 300 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 322 करोड़ रुपये दिये गये हैं। राज्य कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज को विस्तार मिलेगा, इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में 150 करोड़ का बजट मिलेगा। असाध्य रोगों की मुफ्त इलाज के लिए 125 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

**प्रदेश में खुलेंगे ग्रेड वन (एपेक्स)ट्रामा सेंटर:** प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी इलाज के लिए संचालित ग्रेड टू ट्रामा सेंटर को ग्रेड वन यानि एपेक्स ट्रामा सेंटर बनाया जाएगा। इसके बाद सुपर स्पेस्यलिटी विभागों के इलाज के साथ टीचिंग, ट्रेनिंग व शोध कार्य को भी बढावा मिलेगा। ग्रेड वन के ट्रामा 100 बेडेड होंगे, बड़े संस्थानों में 200 बेड के स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

**अयोध्या, वाराणसी में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज** : राज्य आयुष सोसायटी (आयुष मिशन) के तहत अयोध्या में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जल्द ही खुल जाएंगे। इससे मरीजों को इलाज के साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथी विधा के नए डॉक्टरों की संख्या बढ़ जाएगी। निर्माणाधीन चार मंजिला आयुर्वेद कालेज में 60 बेड का हॉस्पिटल भी होगा, जिसमें मरीजों के लिए ओपीडी व आईपीडी की सुविधा होगी।

### आयुष अस्पताल बनेंगे वेलनेस सेंटर

आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रदेश में 1600 नए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किये जाएंगे। इनमें 1035 आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को हेल्थ वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर में करीब 52 एकड़ में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय को पूरा करने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इस विश्वविद्यालय से सभी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी कॉलेज संबद्ध होंगे। वर्तमान में संचालित 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही आठ आयुर्वेदिक, दो यूनानी और नौ होम्योपैथिक कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों का उच्चीकरण प्रावधानित है।

# अधिवक्ताओं को भी मिली सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़**
- **जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपये देगी।



बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

# श्रीराम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे राज्य में नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।'

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रभु श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण अयोध्या मंडल में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

### इन पर फोकस

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

## निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

**अमृत विचार:** नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

# ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

**टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को**

### प्रतिक्रिया



प्रो .मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

**बढ़ावा:** प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

**धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावा:** विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

### युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

### निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमी, मातृत्व मृत्यु दर में कमी और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 80, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com





उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 18

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 17



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## हाईकोर्ट का विवादित प्रश्नों पर ग्रेस मार्क्स देने का निर्देश

**यूपी टीईटी-2021**

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 की अंतिम उत्तर कुंजी में संशोधित और बदले हुए प्रश्नों के उत्तरों पर दर्ज आपत्तियों के मामले में दाखिल याचिकाओं पर कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 8 और 141 पर याचियों को ग्रेस मार्क्स दिया जाए। तदनुसार नया परिणाम घोषित किया जाए। कोर्ट ने कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 35 के संबंध में आपत्ति पर जोर नहीं दिया गया है और प्रश्न संख्या 25 के संदर्भ में कोई ऐसा तथ्य संलग्न नहीं किया गया है, जिससे उत्तर कुंजी की सत्यता पर संदेह किया जा सके। अतः उक्त प्रश्न के संबंध में कोई राहत नहीं दी जा सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने प्रगति अग्रवाल और 57 अन्य के साथ दर्जनों याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया।

## हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का मखौल

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**



- मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश
- आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का मखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का मखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत्र पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

### न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है।

# विपक्ष का लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प : मोदी

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब**

**कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।



### पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

### गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है।

### देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

मोदी ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

### एक नजर

#### डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए।

#### एमबीबीएस छात्रा ने कॉलेज हॉस्टल में फांसी लगाई

**नई दिल्ली।** मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एमबीबीएस अंतिम वर्ष की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटकी हुई पाई गई। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी दोपहर करीब 1:30 बजे मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।' आत्महत्या के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए मृतका के दोस्तों और परिवार से पूछताछ की जा रही है।

**कैबिनेट की बैठक में लिए कई अहम फैसले**

## चार निजी विवि की स्थापना को मंत्रिपरिषद ने दी मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट (मंत्रि परिषद) की बैठक में निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

यूपी कैबिनेट ने बस स्टेशन एवं कार्यशाला के लिए गाजियाबाद के लोनी में 2.049 हेक्टेयर जमीन राजस्व विभाग द्वारा परिवहन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। निजी सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी) मॉडल के तहत परिवहन निगम द्वारा बस स्टेशन व डिपो कार्यशाला आदि विकसित किए जाने के लिए हस्तांतरित की गई यह जमीन लोनी तहसील के ग्राम बेहटा, हाजीपुर में है।



- लोनी में बस स्टेशन के लिए निःशुल्क भूमि देने का फैसला

### पर्यटन भूमि लीज के लिए बनाई जाएगी नीति

कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तय सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए नीति बनेगी। सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला भी लिया गया है। इनमें सोनभद्र स्थित विसुंदरी निरीक्षण भवन, कर्मा निरीक्षण भवन, निशोगी निरीक्षण भवन और लखीमपुर खीरी के ग्राम पन्योरा स्थित ओयल नहर कोठी का पर्यटन के लिए प्रयोग होगा।

### नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए देंगे 498 करोड़

कैबिनेट ने नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैं जो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, अब इनको भी शामिल किया गया है।

### पांच वर्ष होगा लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया।

## अश्लील वीडियो देखने के बाद भाई ने की थी दुष्कर्म के बाद बहन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि, चेहरे पर खरोचों से हत्यारोपी पर हुआ था शक

**अमृत विचार :** कोतवाली पटियाली क्षेत्र में रविवार सुबह बिस्तर पर मृत मिली 17 वर्षीया किशोरी की मौत का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। किशोरी की उसी के बड़े भाई ने रात में दुष्कर्म करने के बाद भेद खुलने के डर से गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने के बाद घटना की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की गला दबाकर हत्या की पुष्टि के साथ 19 वर्षीय हत्यारोपी भाई के चेहरे की खरोचों ने उसके घिनौने कृत्य से पर्दा उठा दिया।

पुलिस ने पूछताछ की तो सच बाहर आ गया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार करके सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव में 17 वर्षीया किशोरी रविवार सुबह चारपाई पर संदिग्ध अवस्था में मरी मिली थी। उसका बड़ा भाई शव के पास बैठकर जोर-जोर से रो रहा था। किशोरी की मां रिश्तेदारी में गई थी। जबकि सबसे बड़ा भाई एटा जिले में रहता है। आरोपी के चेहरे पर खरोचों के कई निशान थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले वह बहाने बनाता रहा, मगर पुलिस की सख्ती पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

> किशोरी की हत्या उसी के सगे भाई ने दुष्कर्म के बाद की थी। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपी का मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। - **गोविंद बल्लभ शर्मा**, इंस्पेक्टर पटियाली

## केजरीवाल के खिलाफ समन रद करने से इनकार

**मानहानि मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करने संबंधी आपराधिक मानहानि मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जारी समन को सोमवार को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 2019 के आदेश को रद करने से इनकार करते हुए कहा कि मानहानिकारक सामग्री वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट करना भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत मानहानि के समान होगा।

## बीएचयू में डॉक्टर को पीटा, बनाया न्यूड वीडियो

वाराणसी, एजेंसी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक प्राइवेट डॉक्टर के साथ अश्लीलता की हद पार कर दी गई। मनबढ़ छात्रों ने ऐप से डॉक्टर का अप्वाइंटमेंट फिक्स किया। बीमार दोस्त को दिखाने के बहाने कमरे में बुलाया, वहां मारपीट की और 60 हजार रुपये वसूल लिए।

उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बनाया। पीड़ित डॉक्टर ने लंका थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। लंका थाने के प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि पूरे गैंग में 4 लोग शामिल थे जिसमें 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ का नारायण शुक्ल (20) और गाजीपुर का सूरज दुबे (21) है। आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**60 हजार रुपये वसूले**



रुइया हॉस्टल, जहां डॉक्टर को बुलाया गया।

- बीमार रूममेट को देखने के लिए बुलाया हॉस्टल, दो गिरफ्तार

**24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार :** लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि डॉक्टर ने 4 फरवरी को लंका थाने में शिकायत की। 24 घंटे के भीतर वाराणसी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इस मामले और गैंग का खुलासा कर दिया। इन्होंने ग्राइंडर और मैसेंजर एप का इस्तेमाल कर डॉक्टर को अपने जाल में फंसाया था।

### मेरी हैंड राइटिंग में मेरे ही खिलाफ लिखवाया लेटर

डॉक्टर ने बताया कि मेरी हैंड राइटिंग में एक लेटर भी लिखवाया गया कि मैंने हॉस्टल में आकर एक लड़के से जबरदस्ती संबंध बनाया है। इन लोगों ने दूसरे लड़के के साथ मेरे प्राइवेट पार्ट का भी वीडियो बनाया। मुझे गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। रुपयों की मांग की। यह भी कहा कि रुपया मंगाओ नहीं तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर देंगे। मैं इतना डर गया कि इसकी सूचना कहीं नहीं दिया। इधर ये लोग मुझे बार-बार टॉर्चर करके पैसे की मांग करते रहे। इसके बाद मैंने परेशान होकर लंका थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## किन्नरों के लिए दिल्ली की बसों में मुफ्त यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली परिवहन निगम और क्लस्टर बसों में किन्नर समाज के लोगों के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जल्द ही कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कर योजना लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारे समाज में किन्नर समाज के लोगों को अपमान का शिकार होना पड़ता है। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि वे भी इंसान हैं और उन्हें समानता का अधिकार है।' उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि दिल्ली की बसों में अब किन्नरों के लिए भी सफर निशुल्क होगा। जल्द ही इसे कैबिनेट से पारित करके लागू कर दिया जाएगा।' गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की बसों में महिलाओं के लिए यात्रा निशुल्क है। महिलाओं के लिए यह योजना अक्टूबर 2019 में शुरू की गई थी।



- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर लागू की जाएगी योजना

**उपलब्धि**

**शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम 'दिस मूमेंट' के लिए मिला अवार्ड**

## ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं।

ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।



### प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन



महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं।

### महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय



महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

### 'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

### ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान



स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कैलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।
5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

## बजट और सियासी दावे...



प्रदेश सरकार के बजट से गांव, किसान, युवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। नलकूपों को मुफ्त बिजली का प्रावधान कर सरकार ने किसानों से किया वादा भी पूरा किया है। बेसहारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल बनाए जाएंगे।
**-धर्मेंद्र कश्यप**, आंवला सांसद



किसान, युवा, गरीबों और पिछड़ों के लिए कुछ नहीं है। यूपी का हर व्यक्ति एक लाख के कर्ज में डूबा है। खाद, बीज, कृषि यंत्र, बिजली समेत सब कुछ महंगा कर दिया गया। खाद के बैग से खाद कम कर दी और दाम बढ़ा दिए। 90 फीसदी जनता यानी पीडीए के लिए कुछ नहीं है। **-मोहम्मद साजिद**, प्रदेश प्रवक्ता सपा



बजट प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। यह उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा और आर्थिक व आध्यात्मिक उन्नति करने वाला बजट है। यह बजट किसानों के साथ महिला सशक्तीकरण, गरीब कल्याण और युवाओं को समर्पित है। **– पवन शर्मा**, बरेली जिलाध्यक्ष, भाजपा



बजट में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर घोषणाएं की गई हैं। ये धरातल पर उतरेंगी या नहीं, इसका पता नहीं है। युवाओं, बेरोजगारों, व्यापारियों, किसानों और कर्मचारियों के लिए भी राहत भरा कदम नहीं उठाया है। महंगाई से कोई राहत नहीं मिलती दिख रही। पुरानी पेंशन का भी बजट में कोई जिक्र नहीं है। **– मिर्जा अशफाक सकलैनी**, कांग्रेस जिलाध्यक्ष



बजट 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पेश किया गया है। बजट में जनहित एवं जन कल्याण का ख्याल नहीं रखा गया है। सरकार की विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह हैं लेकिन क्या सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो पाए हैं। इसका भी मूल्यांकन जरूरी है।
– **राजीव कुमार सिंह**, बसपा जिलाध्यक्ष

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
ADITYA
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# धार्मिक शहरों के लिए खजाना खोला पर नाथनगरी को सीधे-सीधे कुछ नहीं मिला

## नाथ कॉरिडोर के लिए मिल सकता है अतिरिक्त बजट, कुछ सड़कें भी दुरुस्त होने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में बरेली के लोगों को खुश होने का कोई खास मौका नहीं मिला। बरेली के लिए न किसी नई विशेष योजना की घोषणा की गई, न ही लंबित परियोजना को अवशेष बजट मिल पाया। सरकार ने अयोध्या, मथुरा और काशी जैसे धार्मिक शहरों के लिए तो खजाना खोला लेकिन नाथनगरी इस मामले में भी पीछे रह गई।

धार्मिक शहरों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अपने बजट में पांच हजार करोड़ का प्रावधान किया है। जिस तरह नाथनगरी को विकसित करने में सरकार की ओर से दिलचस्पी दिखाई जा रही थी, उससे उम्मीद थी कि बरेली को भी विकास के लिए कुछ न कुछ मिलेगा लेकिन सीधे तौर पर बरेली के लिए कोई घोषणा नहीं हुई।



वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने धर्मार्थ विभाग को 1750 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उम्मीद की जा रही है कि इसके तहत बरेली के सातों नाथ मंदिरों तक श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए नाथ कॉरिडोर परियोजना के लिए अतिरिक्त बजट मिल सकता है। इसके अलावा राज्य मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 2881 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट में से भी कुछ पैसा बरेली को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पीडब्ल्यूडी के अफसरों का कहना है कि इसमें बरेली के हिस्से में करीब सौ करोड़ रुपये आ सकते हैं।

### महिलाएं होंगी लाभान्वित

- बजट में निराश्रित महिला पेंशन योजना की पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर एक हजार की गई है।
- महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दो सौ उत्पादक समूहों का गठन कर तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को कोष के तहत 1 लाख से 10 लाख रुपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

## सिर्फ बजट बढ़ाना पर्याप्त नहीं, वितरण भी निष्पक्ष और पारदर्शी हो

**विधि संवाददाता, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के बजट में अधिवक्ता कल्याण निधि दो सौ करोड़ से बढ़ाकर पांच सौ करोड़ रुपये और अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु पर सहायता की अधिकतम सीमा को डेढ़ से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर देने की घोषणा का स्वागत किया है लेकिन यह भी कहा है कि बजट की घोषणा ही काफी नहीं है। वितरण की व्यवस्था भी निष्पक्ष और पारदर्शी बनाई जानी चाहिए।



कोरोना के दौरान प्रदेश में करीब 3500 अधिवक्ताओं की मृत्यु हुई थी। यह उनके लिए श्रद्धांजलि स्वरूप है। मैं अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री से मिला था तो उन्होंने यह मांग पूरा करने का भरोसा दिया था। **– शिरीष मेहरोत्रा**, पूर्व चेयरमैन/सदस्य उप्र बार कौंसिल



बजट में अधिवक्ताओं के हित में बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है। अधिवक्ता की मृत्यु के बाद परिजनों को डेढ़ लाख रुपये की मदद बहुत ही कम थी। इसे बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना सम्मानजनक प्रतीत होती है। **–संजीव कुमार**, एडवोकेट



सिर्फ रकम बढ़ा देना पर्याप्त नहीं है। इसका वितरण भी निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से हो। बार कौंसिल के प्रत्यावेदन पर फंड रिलीज होता है। बार कौंसिल के पदाधिकारी चुनाव आदि स्थितियों को देखकर इसका वितरण करते है। **– गौरव सिंह राठौर**, एडवोकेट



अधिवक्ताओं को देय धनराशि का कार्यकाल पूरा हो गया है तो दो साल और रकम रोककर अदायगी का मतलब क्या है। ऐसे में दो साल का ब्याज कहां जायेगा। अधिवक्ता हित में यह कार्यप्रणाली ठीक नहीं है।
**– शशिकान्त शर्मा**, एडवोकेट

## आय तो दोगुनी हुई नहीं मगर कर्ज जरूर दोगुना हो गया

भाकियू के जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार का कहना है कि प्रदेश सरकार के बजट में भी किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है। किसान लंबे समय से अपनी फसल की एमएसपी की गारंटी मांग रहा है। सरकार ने वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। किसानी की आय तो दो गुनी नहीं हुई, लेकिन उनका कर्ज दो गुना बढ़ गया है।

## लोगों को निरोगी रखने के प्रयास सराहनीय : आदित्य मूर्ति



एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने प्रदेश सरकार के बजट को आम लोगों का बजट बताया। कहा कि बजट में चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा पर फोकस करना दर्शाता है कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। यह सराहनीय प्रयास है। इससे लोगों को प्रदेश में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा मिलना संभव होगी। इलाज खर्च में भी कभी आएगी। लोग निरोगी होंगे और प्रदेश स्वस्थ होगा।

# छोटे उद्यमियों के लिए दुर्घटना बीमा, ब्याजमुक्त लोन का स्वागत



बजट में उद्योगों के विकास की बात कर प्रदेश सरकार ने अपनी एक ट्रिलियन इकॉनोमी की मंशा जाहिर की है। छोटे उद्यमियों को दुर्घटना बीमा और पांच लाख रुपये तक ब्याज फ्री लोन की घोषणा से उद्योग और उद्यमियों के प्रति सकारात्मक सोच प्रदर्शित की है। उद्यमियों के लिए प्रोत्साहन वाला बजट है। **–तनुज भसीन**, आईआईए के चैप्टर चेयरमैन



छोटी इंडस्ट्री के लिए पांच लाख तक ब्याज फ्री लोन की घोषणा कर सरकार ने उद्योगों के प्रति सकारात्मक मंशा जाहिर की है। इससे प्रदेश का औद्योगिक विकास होगा। सरकार की घोषणा को अमली जामा पहनाना अफसरों का काम है। पात्र लोगों को ही ब्याज फ्री लोन दिया जाना चाहिए। **– राजेश गुप्ता**, अध्यक्ष चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज सोसाइटी



बजट उद्योगों के लिए बेहतर है। इंफ्रा मजबूत होगा तो इसका लाभ उद्योगों को ही होगा। औद्योगिक क्षेत्र विकास के लिए धन दिया गया है। यह बड़ी बात है। दुर्घटना बीमा और पांच लाख की वित्तीय सहायता देना उद्यमियों के प्रति सरकार की सहृदयता और विकासवादी सोच को दर्शाता है। **–विमल रेवाड़ी, उद्यमी**



बजट में राजकोषीय घाटा कम हुआ है। यह प्रदेश में वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। इन्फ्रा के साथ डिफेंस कॉरिडोर को तरजीह दी गई है। पर्यटन पर खासा जोर है। एमएसएमई पर पिछली घोषणाओं के क्रियान्वयन की आवश्यकता है। **– डॉ. मनीश शर्मा**, अध्यक्ष रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन

# पिछले साल रेल बजट में स्वीकृत काम अब तक शुरू नहीं हो पाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसी मेंटीनेंस शेड बनाने के लिए स्वीकृत किए गए थे 10 करोड़ रुपये**

**अमृत विचार :** पिछले साल रेल बजट में स्वीकृत हुए कई काम धरातल पर ही नहीं उतरे। जंक्शन पर नए एसी मेंटीनेंस शेड के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे लेकिन अभी काम ही शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों के पास इसका कोई जवाब भी नहीं है।

जंक्शन पर सिक लाइन और एसी शेड दो अलग-अलग छोर पर होने की वजह से ऑपरेटिंग और कैरिज एंड वैगन से जुड़े कर्मचारियों का काफी समय खराब होता है। सिक लाइन मुरादाबाद और एसी शेड शाहजहांपुर छोर पर है। मैकेनिकल विभाग के काम सिक लाइन में और इलेक्ट्रिकल के काम एसी शेड में किए जाते हैं। ऐसे में अगर किसी कोच में दोनों काम होने हों तो कोच को शंटिंग कराकर लाइन नंबर एक से सिक लाइन से एसी शेड ले जाया जाता है। लाइन नंबर एक ज्यादातर व्यस्त रहती है, इसलिए भी दिक्कत होती है।

रेलवे बोर्ड ने पिंक बुक में बरेली जंक्शन पर सवारी और माल डिब्बा डिपो ईओटी क्रेन के साथ कवर्ड शेड सहित एसी मेंटिनेंस शेड का जिक्र किया था जिसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि नए एसी मेंटीनेंस शेड का काम नहीं शुरू हुआ है। सिक लाइन के पास उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है।

### 26 कोच की वॉशिंग लाइन का काम भी अटका

बजट में बरेली जंक्शन पर 26 कोच वाली वॉशिंग लाइन बनाने का जिक्र किया गया था लेकिन अब तक अधिकारी यही तय नहीं कर पाए हैं कि वाशिंग लाइन कहां बनाई जाए। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि वाशिंग लाइन के लिए फिलहाल जगह तय नहीं हो पाई है।

## आज से खिलेगी धूप मगर ठंडी हवा करेगी परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम मंगलवार से राहत भरा रहेगा। सुबह कोहरे के बाद धूप खिलेगी लेकिन ठंडी हवा चलती रहेगी। रात या सुबह कोहरे का पूर्वानुमान है। पिछले 24 घंटे में पांच मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 24 घंटों के दौरान बारिश हुई। मंगलवार से बारिश थम जाएगी। दो-तीन दिन ठंडी हवाएं चलेंगी। न्यूनतम तापमान सामान्य की तुलना में तीन से पांच डिग्री गिर सकता है।

**गेहूं को फायदा, सरसों को नुकसान :** आईवीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र के बागवानी व कृषि विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने बताया कि सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। गेहूं और गन्ने की पेड़ी को लाभ मिला है।

# काम नहीं करने वाले पांच ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दो साल पहले लिया सड़क-नाली बनाने का ठेका पर काम अधूरा**
- **ठेकेदारों ने कहा, भुगतान नहीं हो रहा है, कैसे काम करें**

**अमृत विचार :** नगर निगम से ठेका लेने के बाद काम नहीं कराने वाले पांच ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि इससे जनता में छवि बनती है कि नगर निगम काम नहीं करा रहा है। ऐसे में ठेकेदारों का भुगतान भी रोका जाएगा। ठेकेदारों का कहना है कि उनका पेमेंट रुका पड़ा है। ऐसे में वह काम कैसे करें।

वार्ड-40 की पार्षद सरिता रानी ने मेयर को बताया कि वार्ड में 2021 में सतीपुर नाला निर्माण का काम अनवार ठेकेदार को दिया गया लेकिन उसे अभी तक पूरा नहीं किया गया। इसी तरह वाल्मिकी बस्ती में सड़क बनाने का काम भी यही ठेकेदार कर रहे थे। सड़क नहीं बनने से बरसता में लोगों को दिक्कत हो रही है। गंगाराम कश्यप की दुकान से चौराहे तक आरसीसी नाला का निर्माण कार्य और शिव मंदिर से नरेश के घर तक सड़क निर्माण के दोनों कार्य भी इसी ठेकेदार को दिए गए। इसके अलावा साइड पटरी का निर्माण गुलजार ठेकेदार और मीरा की पैठ में नाला निर्माण कार्य गुलाम गौस ठेकेदार को दिये गए थे। यह तीनों काम एक साल पहले दिए गए थे लेकिन अभी तक पूरे नहीं किए गए।



वाल्मीकि बस्ती की जर्जर सड़क।

वार्ड-48 जोगीनवादा के पार्षद बनवारी लाल शर्मा ने मेयर को पत्र के माध्यम से बताया कि वार्ड में दो साल से तीन काम अधूरे पड़े हैं। मेयर ने जांच कराकर मुख्य अभियंता की रिपोर्ट मांगी लेकिन प्राप्त नहीं हुई। जोगीनवादा में रिलाइविल कम्युनिकेशन और जहीर अहमद ठेकेदार विकास कार्य करा रहे थे लेकिन दो साल बाद भी यह अधूरे पड़े हैं। इस पर मेयर ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि निगम की छवि को धूमिल करने में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। निगम शहर की गलियों में भी विकास कार्य कराने में अग्रसर है लेकिन ठेकेदारों के रवैये से जनता के मन में विपरीत संदेश जा रहा है। पांच ठेकेदारों को तत्काल ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिये हैं। इसके पहले उनका भुगतान भी रोकने की बात नगर आयुक्त से कही है। नगर आयुक्त से ठेकेदारों पर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा है।




## शहर में आज

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का महानगर छात्र सम्मेलन जीआईसी सभागार में 11 बजे।
- नगर निगम में जनसुनवाई सुबह 10 बजे।
- बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा दोपहर 2 बजे।
- वृद्धजन आवास गृह बुखारा मोड़ में भागवत कथा और कलश यात्रा सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### अवैध कॉलोनी में प्लॉट बेचने पर धनराज बिल्डर्स पर रिपोर्ट के आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** धनराज बिल्डर्स व उसके प्रतिनिधि द्वारा महिला को धोखाधड़ी से अवैध कालोनी में प्लाट बेचने फिर मकान निर्मित करके देने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूष प्रकाश ने कैंट थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। हेम कुमारी ने कोर्ट में अर्जी दी थी कि दो अगस्त 2017 को 50.16 वर्ग मीटर प्लाट का बैनामा धनराज बिल्डर्स के अधिकृत प्रतिनिधि शशांक शर्मा से तीन लाख एक हजार रुपये में कराया था। शशांक ने ही 6 लाख रुपये लेकर एक मंजिला मकान का निर्माण करा दिया। कभी-कभार मकान पर जाती थी। 22 अक्टूबर 2023 को गयी तो मकान खंडहर में तब्दील था। पता चला कि उसका मकान बीडीए ने गिरा दिया है। शशांक शर्मा ने कहा कि जानकारी नहीं है। बीडीए से पता लगा कि वर्ष 2014 में ही ध्वस्तीकरण के बारे में धनराज बिल्डर्स को सूचित कर दिया था। हेम कुमारी ने आरोप लगाया कि जान बूझकर अवैध कालोनी में धोखाधड़ी से प्लाट का बैनामा कर उसका रुपया धनराज बिल्डर्स व शशांक शर्मा ने हड़प लिया।

### नंबर हैक कर व्हाट्सएप पर युवती का फोटो लगाकर लिखा सेक्स वर्कर

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के एक जरी कारीगर के बेटे का मोबाइल नंबर साइबर ठगों ने हैक कर लिया और उसके व्हाट्सएप स्टेट्स पर युवती का फोटो लगाकर सेक्स वर्कर के लिए संपर्क करें लिख दिया। साइबर ठग ने युवक को फोन पर 15 हजार रुपये भी मांगे और नहीं देने पर बदनाम करने की धमकी दी। पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मामले की शिकायत की। एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# सांड़ समस्या : चुनाव नजदीक... मुश्किल में फंसा प्रशासन, सिस्टम में ही शुरू हुई जोर-आजमाइश

## बुजुर्ग की मौत पर महिला प्रधान और सचिव पर गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने पर भड़का गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले भर से आए प्रधान-सचिव ने दिया धरना, बेमियादी हड़ताल की चेतावनी
- बैकफुट पर आए अफसर, दो दिन में एफआईआर रद्द कराने का आश्वासन दिया

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले छुट्टा पशु और उनकी वजह से हो रहे हादसे प्रशासन पर बड़े दबाव की वजह बन गए हैं। गांव सीहोर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत के बाद डीएम के आदेश पर महिला प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव पर गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने से अब नई तरह की जोर-आजमाइश शुरू हो गई है। जिले भर के प्रधान और सचिव इस पर भड़क गए हैं। सोमवार को भारी संख्या में प्रधानों और सचिवों ने विकास भवन पर धरना देकर चेतावनी दी कि एफआईआर तुरंत वापस न ली तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। डीडीओ और डीपीआरओ ने जल्द एफआईआर वापस लेने का आश्वासन देकर धरना खत्म कराया।

सीहोर गांव में 60 वर्षीय जागनलाल को छुट्टा सांड़ के पटक-पटककर मार डालने के बाद ग्राम प्रधान मीना देवी और सचिव श्रीपाल गंगवार के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। सोमवार को यह मामला तूल पकड़ गया। रिपोर्ट दर्ज कराने विरोध में जिले भर से प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव अपने संगठनों के पदाधिकारियों के साथ सुबह विकास भवन पहुंचकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ दर्ज कराए गए केस को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि हादसे के लिए नोडल अधिकारी जिम्मेदार है, लिहाजा उसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जानी चाहिए।

सीडीओ जग प्रवेश के निर्देश पर डीडीओ और डीपीआरओ धरने पर बैठे प्रधानों और सचिवों से बात करने पहुंचे। उन्होंने जल्द ही सीहोर की प्रधान और सचिव पर दर्ज केस वापस कराने का आश्वासन देकर धरना खत्म कराया। ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से इसके बाद सीडीओ को दस सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रधान और सचिव पर दर्ज रिपोर्ट तत्काल निरस्त कराने, सांड़ों को पकड़ने के लिए प्रशिक्षित टीम लगाने और सांड़ पकड़ते समय कोई हादसा होने की स्थिति में उत्तरदायित्व तय करने की मांग की। संठगनों के पदाधिकारियों ने चेतावनी भी दी कि केस खत्म नहीं हुआ तो वे अनिश्चिकालीन हड़ताल करेंगे।



विकास भवन में धरना देते ग्राम विकास अधिकारी संघ और ग्राम प्रधान संघ के सदस्य और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### प्रधानों का सवाल- क्या विधायकों पर भी रिपोर्ट कराएंगे

धरनास्थल पर ग्राम प्रधानों और सचिवों के बीच सवाल उठा कि सांसद और विधायकों की तरह ग्राम प्रधान भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि है। वह सरकार या प्रशासन की नौकरी नहीं कर रहा है। इसके बावजूद दबाव बनाने के लिए प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है, वह भी उसके महिला होने के बावजूद। सचिवों ने सवाल किया कि पिछले दिनों संजयनगर में भी सांड़ के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हुई थी, तब पशु कल्याण अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तब मेयर, पार्षद या नगर आयुक्त के खिलाफ रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई गई।

### सचिवों ने पूछा- सारी जिम्मेदारी सिर्फ हमारे सिर क्यों

सचिवों ने कहा कि शासनादेश में छुट्टा पशु पकड़ने के लिए पशु पालन विभाग, वन विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग और कृषि विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी तय की गई है, लेकिन यह काम सिर्फ ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग से कराया जा रहा है। ज्ञापन में भी उन्होंने इसका कारण स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गोशाला निर्माण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में राजस्व विभाग को भूमि चिह्नित करनी है लेकिन यह काम भी बीडीओ, एडीओ पंचायत, सचिवों से कराया जा रहा है। मृत गोवंशीय पशुओं को दफनाने के लिए धनराशि किस मद से खर्च की जाएगी, यह तक स्पष्ट नहीं है।

## हिंसक हो रहे हैं सांड़, प्रशिक्षित टीम से पकड़वाएं

डीएम के निर्देश पर सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत पर प्रधान-सचिव पर रिपोर्ट दर्ज कराया जाना गलत है। सांड़ आए दिन हमला कर रहे हैं। दो दिन में कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो धरना फिर से दिया जाएगा। - **जितेंद्र गंगवार**, जिलाध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ

निर्दोष प्रधान-सचिव पर कार्रवाई गलत है। हर ग्राम पंचायत में छह विभागों की कमेटी बनी है। प्रशासन को सांड़ों को पकड़ने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है। वर्ना खुद अफसर भी कार्रवाई की जद में आएंगे। - **संजय सिंह**, जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ

सांड़ हिंसक होते जा रहे हैं। उन्हें पकड़ने के लिए प्रशिक्षित टीम जरूरी है। किसान की मौत मामले में प्रधान सचिव पर केस दर्ज कराना समस्या का हल नहीं है। केस वापस न लिया तो अनिश्चिकालीन हड़ताल करेंगे। -**शशांक सिंह**, जिलाध्यक्ष, सहायक विकास अधिकारी संघ

शासनादेश के मुताबिक पशु पकड़ने और गोशाला चलाने के लिए तहसील और ब्लॉकस्तरीय समिति उत्तरदायी है। आवारा सांड़ों पर कोई योजना ही नहीं है। मांगें मानने के लिए दो दिन दिए हैं। प्रधान और सचिव निर्दोष है। - **विवेक कुमार**, वीडीओ बिथरी चैनपुर

आए दिन सांड़ किसी न किसी पर हमला कर रहे हैं। सांड़ों को पकड़ने के लिए न कोई ट्रेनिंग दी गई है और न कोई संसाधन है। पशु पालन विभाग इसका जिम्मेदार है। प्रधानों और सचिवों को तो बेवजह मोहरा बना रहे हैं। -**नरेश दिवाकर**, वीडीओ मीरगंज ब्लॉक

प्रशासन को दो दिन का समय दिया है। प्रधान-सचिव पर गलत कार्रवाई की गई है। सांड़ों की धरपकड़ के लिए कोई प्रभावी योजना नहीं है। प्रधान-सचिव पर कार्रवाई कर दी गई लेकिन नोडल अफसरों को बचा दिया गया। - **सुधीश पांडेय**, अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन

कार्रवाई तर्कसंगत नहीं है। सचिवों को सांड़ों और छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए न कोई प्रशिक्षण दिया गया है, न उनके पास कोई संसाधन है। सचिव और प्रधान जोखिम उठाकर सांड़ों को पकड़ने में लगे हैं। -**धनंजय सिंह**, वीडीओ, आलमपुर जाफराबाद

## बेनतीजा खेल, अधबनी गोशाला में भेजे छुट्टा पशु गांव में लौटे

**दुनका, अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं पर अब बेनतीजा खेल शुरू हो गया है। गांव सीहोर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत के बाद ग्राम प्रधान और सचिव पर एफआईआर दर्ज हुई तो आननफानन कई छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गांव म्यूड़ी की चारदीवारी विहीन गोशाला में भिजवा दिया गया, जहां से निकलकर वे फिर गांव में पहुंच गए। इससे किसानों में गुस्सा है।

शेरगढ़ के बीडीओ सीपी पांडेय ने सीहोर गांव की प्रधान मीना देवी के पति संजीव को फोन कर छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर म्यूड़ी में बन रही गोशाला में छुड़वाने का निर्देश दिया था। संजीव ने रविवार को मजदूरों को लगाकर नौ पशुओं को पकड़वाया और उन्हें ट्रैक्टर-ट्राली से अधबनी म्यूड़ी गोशाला में छुड़वा दिया। आठ बीघा में बन रही इस गोशाला में अभी चारदीवारी नहीं बनी है। उसकी जगह सीमेंट के खंभों पर तार खींचकर गेट लगा दिया गया है। पशुओं के लिए न टिनशेड है और न तिरपाल। उनके लिए यहां चारे का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया है। चौकीदार की भी तैनाती नहीं की गई है। बीडीओ शेरगढ़ ने बताया कि गोशाला का 12 लाख से निर्माण कराया जा रहा है। रविवार को वहां जो छुट्टा पशु भिजवाए थे, वे वहां से निकल आए हैं। वहां टिनशेड भी नहीं है मगर अफसरों के दबाव में पशु भिजवा दिए गए थे।



इस गोशाला में छुट्टा पशु रखने के दिए गए हैं निर्देश।

# लुटेरों को ढूंढा नहीं, नाम-पते दिए तो वह भी दबाकर बैठ गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंद्रह दिन पहले रामपुर बाग में बदायूं के युवक का लूट लिया था मोबाइल फोन
- पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की, अब लुटेरों को गिरफ्तार करने को भी तैयार नहीं

इस मामले की जांच की गई थी। पीड़ित ने चौकी इंचार्ज को जानकारी दी होगी, मुझे नहीं दी। नंबर चल रहा है तो आरोपी को गिरफ्तार करके मोबाइल फोन बरामद किया जाएगा। -**दिनेश कुमार शर्मा**, इंस्पेक्टर कोतवाली

**अमृत विचार :** रामपुर बाग में सरेशाम बदायूं के बिल्सी कस्बे एक युवक से मोबाइल फोन लूट लेने वाले लुटेरों को चौकी चौराहा पुलिस गिरफ्तार करने को तैयार नहीं है। करीब पंद्रह दिन पहले हुई इस घटना के बाद पीड़ित की ओर से खुद ही तीन लुटेरों के नाम-पतों की जानकारी जुटाकर पुलिस को दी जा चुकी है लेकिन फिर भी लगातार पुलिस टालमटोल कर रही है।

बिल्सी के मोहल्ला एक में रहने वाले सुशांत असावा के बेटे नमन 18 जनवरी को इंटेलीजेंस ब्यूरो की परीक्षा देने बरेली आए थे। परीक्षा देने के बाद वह रामपुर बाग से पैदल गुजर रहे थे, इसी दौरान बिना नंबर की बाइक से आए तीन युवकों ने उन्हें सड़क पर गिराकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया। नमन ने घटना के फौरन बाद चौकी चौराहा पुलिस चौकी पहुंचकर तहरीर दी। कई बार चक्कर लगाने के बाद चौकी इंचार्ज ने उनसे एक फार्म भरवाकर 23 जनवरी को मोबाइल फोन खो जाने की सूचना दर्ज की और इसके बाद बैठ गई।

आरोप है कि कई चक्कर काटने के बाद भी पुलिस ने लुटेरों को तलाश करने की कोई कोशिश नहीं की। उधर, लुटेरे बेधड़क होकर नमन का फोन इस्तेमाल करते रहे। नमन के पिता सुशांत ने इसके बाद खुद ही छानबीन की तो पता लगा कि मोबाइल फोन लूटने वाले युवक कर्मचारी नगर इलाके के हैं। उनमें मुख्य आरोपी कर्मचारी नगर के पास गंगवार एन्क्लेव में रहने वाला एक रिटायर्ड दरोगा का बेटा है। सुशांत ने तीनों के नाम-पते और मोबाइल नंबर चौकी इंचार्ज को उपलब्ध करा दिए। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने रिटायर्ड दरोगा के आरोपी बेटे से फोन पर बात भी की लेकिन इसके बाद भी लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए कुछ नहीं किया। सुशांत असावा का कहना है कि पिछले सप्ताह उन्होंने बरेली आकर इंस्पेक्टर कोतवाली से शिकायत की। उनके निर्देश पर चौकी इंचार्ज कर्मचारी नगर इलाके में पहुंचे तो लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय फिर टालमटोल कर लौट गए। सुशांत ने अब एसएसपी से शिकायत करने की बात कही है।



## चलती कार में लगी आग

**बरेली, अमृत विचार :** कुदेशिया पुल के पास सोमवार रात चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में बैठे पिता-पुत्र जैसे-तैसे बाहर निकलने में कामयाब हुए तो उनकी जान बची।

कृष्णा काउंट्री निवासी रोहित खन्ना ने बताया कि सोमवार को वह बेटे गर्वित के साथ राजेन्द्रनगर गए थे। लौटते वक्त कुदेशिया पुल के पास कार के बोनट से धुंआ उठने लगा। कार रोककर जैसे ही उन्होंने बोनट खोला वैसे ही पूरी कार लपटों से घिर गई। उन्होंने प्रेमनगर पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

# फरीदपुर कांड : अग्निशमन विभाग ने मुख्यालय भेजी रिपोर्ट

## मुख्यालय की स्वीकृति के बाद जांच रिपोर्ट पुलिस अफसरों को सुपुर्द की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 28 जनवरी को कमरे में लगी आग से हो गई थी पांच की मौत
- कोई प्रमाण न मिलने के बाद भी हादसा बता रही है पुलिस

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में 28 जनवरी को दंपती और तीन बच्चों की सोते समय कमरे में लगी आग से मौत होने के मामले में अग्निशमन विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट लखनऊ मुख्यालय भेज दी है।

फिलहाल यह रिपोर्ट पुलिस को भी नहीं दी गई है। पांच लोगों की मौत के बाद पुलिस इसे हादसा बताने पर अड़ी हुई थी, जबकि अग्निशमन विभाग की ओर से इसका कोई प्रमाण न मिलने की बात कही गई थी। अब अग्निशमन अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय की स्वीकृत मिलने के बाद ही जांच रिपोर्ट बरेली पुलिस को सौंपी जाएगी। पांच लोगों की मौत की घटना हत्या है या हादसा इसकी जांच पुलिस, सर्विलांस, विद्युत सुरक्षा टीम, अग्निशमन विभाग की टीम को सौंपी गई।

विद्युत सुरक्षा टीम ने कुछ दिन पहले अपनी जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी। अधिकारियों के मुताबिक कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग नहीं लगी। वहीं अग्निशमन विभाग की टीम ने जांच पूरी कर ली है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि जांच पूरी हो गई है। रिपोर्ट लखनऊ भेजी गई है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी जाएगी। उन्होंने रिपोर्ट के संबंध में अभी कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया है।

# गर्मी में बेहतर बिजली के नाम पर फरवरी तक झेलना होगा संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में लोगों को बेहतर बिजली मिल सके, इसलिए फरवरी में अनुरक्षण माह के तहत मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। इसकी वजह से घंटों कटौती की जा रही है। अभी पूरे महीने लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ेगा। इसके अलावा कभी शटडाउन तो कभी फाल्ट के नाम पर कटौती की जा रही है।

गर्मी में बिजली कटौती और ट्रिपिंग से निजात दिलाने के लिए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को फरवरी में अनुरक्षण माह मनाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसमें उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत और अन्य मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। सोमवार को 33/11 केवी सीबीगंज उपकेंद्र पर 33 केवी यार्ड में काम कराया गया। इसकी वजह से सुबह 11 से शाम 5 बजे तक विधौलिया, महेशपुरा, कैंफर कॉलोनी, स्वालेनगर, आनंद बिहार, मिनी बाईपास, ग्रीन सिटी, मेगा ड्रीम, सैदपुर हौकिंस, अर्चना रेजीडेंसी, रहपुरा रोड हार्टमैन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय पर भी बिजली कटौती की गई। सिविल लाइंस और किला क्षेत्र में भी कटौती होने से लोग परेशान हुए।



रामपुर बाग में काम करता बिजलीकर्मी।

- अनुरक्षण माह में उपकेंद्र पर किए जा रहे हैं मरम्मत कार्य
- कभी शटडाउन तो फाल्ट के नाम पर गुल हो रही बिजली

### आज यहां गुल रहेगी बिजली

कुतुबखाना पुल निर्माण को लेकर कुतुबखाना उपकेंद्र से पोषित फीडर कोहाड़ापीर की सप्लाई आज सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। जिसके चलते नैनीताल रोड, गंदा नाला कटरा मानराय की सप्लाई बाधित रहेगी।

# सरायखाम में 29 लाख बकाया पर होटल सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने बकायादारों के प्रतिष्ठानों पर चस्पा किए कुर्की नोटिस

**अमृत विचार :** नगर निगम ने टैक्स वसूलने के लिए सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सोमवार को सरायखाम में 29 लाख रुपये का बकाया होने पर होटल आकाशदीप को सील कर दिया गया। होटल पर कुर्की नोटिस भी चस्पा किया गया है। इसके अलावा कई बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठानों पर भी कुर्की नोटिस भी चस्पा किया है।

इम्तियाज अली के प्रतिष्ठान पर छह लाख का बकाया था। कानूनगोयान में सरदार प्रीतम सिंह के प्रतिष्ठान पर 13 लाख का बकाया था। दोनों पर कुर्की नोटिस चस्पा किया गया है। प्रीतम सिंह ने दो लाख का चेक मौके पर जमा किया है और बिल में आपत्ति दर्ज कराई है।

कानून गोयान में ही विजय अग्रवाल राजेश अग्रवाल के दो प्रतिष्ठानों पर 32 और 16 लाख का बकाया होने पर कुर्की नोटिस चस्पा किया गया। माधोबाड़ी में मीनाक्षी महेश्वरी के नाम के प्रतिष्ठान पर 9 लाख 23 हजार का बकाया होने पर कुर्की नोटिस चस्पा किया गया है।नगर निगम जोन-2 में बड़े बकायेदारों की संख्या ज्यादा है। इन पर बकाया की रकम भी बड़ी है। सीटीओ का कहना है कि टैक्स बिलों में किसी को कोई भी गड़बड़ी लगती है तो वह आपत्ति दर्ज करा सकता है, लेकिन बिल मिलने के बाद यह कहा जाए कि टैक्स बिल गलत है, यह नहीं चलेगा। बिल देने के बाद आधी रकम चुकाकर गड़बड़ टैक्स में सुधार की बात की जा सकती है। सीटीओ का कहना है कि लोगों ने कई साल से बिल जमा नहीं किया है और अब बिल बढ़ा है तो उसे गलत बताया जा रहा है।

## मानसिक अस्पताल में टेलर महेश हत्याकांड की दोबारा होगी विवेचना

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के मानसिक अस्पताल में टेलर महेश चंद्र की हत्या की विवेचना दोबारा से होगी। महेश की पत्नी गुलमा देवी ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने दोबारा से कुछ प्वाइंटों पर विवेचना कर रिपोर्ट देने को कहा है। हत्याकांड में बारादरी पुलिस फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा चुकी है।

- बारादरी पुलिस के एफआर लगाने के बाद महेश की पत्नी ने की एसएसपी कार्यालय में शिकायत

सीबीगंज के जौहरपुर निवासी महेश मानसिक चिकित्सालय में अटेंडेंट के पद पर थे। वह अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए ड्रेस भी सिलते थे। 19 अप्रैल 2022 को उनका शव स्टोर रूम के पास जली अवस्था में मिला था और बाहर से ताला लगा था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। लंबी विवेचना के बाद बारादरी पुलिस ने एफआर लगा दी थी। एसएसपी ने बताया कि महेश की पत्नी की शिकायत पर हत्याकांड में कुछ तथ्यों पर दोबारा से जांच की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसे आधार बना कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अनफिट निकले 112 स्कूल वाहनों का निरस्त किया रजिस्ट्रेशन

**बरेली, अमृत विचार :** अनफिट वाहनों में भी स्कूली बच्चे ले जाकर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा था। डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग ने जब वाहनों की चेकिंग की तो 112 स्कूली वाहन अनफिट थे। यह चलने की स्थिति में ही नहीं थे। अब इनका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया है। अब मानक पूरे नहीं करने वाले और बिना फिटनेस के दौड़ रहे स्कूली वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

- लंबी दूरी तय करने लायक नहीं रहे तो स्कूलों में लगाकर करने लगे कमाई

डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में 1 जनवरी को विकास भवन सभागार में जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। इसमें सामने आया था कि 112 स्कूली वाहन चलने की स्थिति में नहीं है। उनमें फिटनेस और अन्य मानक भी अधूरे हैं। जिलाधिकारी ने आरटीओ को निर्देश दिए थे कि जो स्कूली वाहन चलने की स्थिति में नहीं है उनके रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जाएं। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने बताया कि 112 स्कूली वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया है।

## हादसे में मौत के बाद शव पर गुजरते रहे वाहन

**बरेली, अमृत विचार :** काम से घर लौट रहे कारपेंटर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। लोगों का कहना है कि सड़क पर काफी देर तक शव पड़ा रहा और वाहन ऊपर से निकलते रहे, जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया।

कटघर निवासी दिलशाद का बड़ा बेटा दानिश (19) शाहदाना में कारपेंटर का कार्य करता था। सोमवार को रात करीब 10 बजे दानिश काम खत्म करके घर आ रहा था। रास्ते में दूल्हे मियां की मजार और कब्रिस्तान के बीच में दानिश की साइकिल को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया।

# जंक्शन : एक नया प्लेटफार्म, दो एफओबी बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे के चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने निरीक्षण के दौरान देखी ड्राइंग

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन का नए सिरे से विस्तार कर विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां एक प्लेटफार्म और दो लाइन के अलावा 12-12 मीटर चौड़े एफओबी बनाने की तैयारी है।

इन कार्यों पर करीब तीन सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। अधिकारियों के मुताबिक अब ड्राइंग फाइनल करने की कवायद चल रही है। सोमवार को चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्टेशन डेवलपमेंट उत्तर रेलवे अंजनी कुमार जंक्शन का निरीक्षण किया और इंजीनियरिंग के अधिकारियों साथ स्टेशन की ड्राइंग देखी और दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने इंजीनियरिंग के अधिकारियों से रेलवे कॉलोनी, रेलवे की जमीन पर बने डाकघर, आरक्षण कार्यालय, द्वितीय प्रवेश, प्रथम प्रवेश, प्लेटफार्म, पार्सल कार्यालय, आरएमएस आदि के बारे में जानकारी ली। उनके साथ गति शक्ति मुरादाबाद मंडल के सीपीएम यशवंत सिंह, डिप्टी चीफ इंजीनियर सपना मीणा, सीनियर डीईएन थर्ड मुरादाबाद मंडल अनुपम चाहर आदि मौजूद रहे।



बरेली जंक्शन पर ड्राइंग देखते रेलवे चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर। ● अमृत विचार

# ... तो क्या तौकीर रजा ने फिर छोड़ा है मजहब की कमान से सियासत का तीर

## लोकसभा चुनाव से पहले गिरफ्तारी देने का एलान, धर्मसंसद के विरोध में भी किया था प्रदर्शन

मोनिस खान, बरेली

**अमृत विचार :** इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की सियासत एक जमाना पहले मजहबी जमीन पर शुरू हुई थी और कई उतार-चढ़ाव के बाद भी अब तक जहां की तहां टिकी हुई है। चुनावों से पहले मजहब की कमान से सियासत के तीर चलाना भी उनकी सियासत में पुराना सिलसिला हो चुका है। ज्ञानवापी के मुद्दे पर मुसलमानों के साथ सामूहिक गिरफ्तारी देने के उनके एलान को भी उनकी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

मौलाना की राजनीति भाजपा से भी मेल खाती रही है। चुनावी मौकों पर उनके ज्यादातर विरोध प्रदर्शन उन्हीं मुद्दों पर होते रहे हैं जो भाजपा अपने चुनाव मैदान में लांच करती रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 से ठीक पहले हरिद्वार में हुई धर्म संसद के खिलाफ भी मौलाना तौकीर ने भीड़ जुटाई थी। इसके बाद चुनाव में कांग्रेस से उन्होंने हाथ भी मिलाया था। इससे पहले भी चुनावी मौकों पर मौलाना की ओर से शक्ति प्रदर्शन किया जाता रहा है। अब लोकसभा चुनाव से पहले ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के विरोध में मुद्दे पर भीड़ जुटाने की तैयारी है।

हालांकि मौलाना तौकीर ने अभी लोकसभा चुनाव के बारे में कोई एलान नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि हमेशा की तरह चुनाव से पहले वह अपनी ताकत का एहसास प्रमुख राजनीतिक दलों को कराना चाहते हैं। मौलाना या उनकी पार्टी का कोई पदाधिकारी लोकसभा चुनाव के बारे में अभी कुछ बोलने को भी तैयार नहीं है। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी का कहना है कि लोकसभा चुनाव पर अभी कोई रणनीति तैयार नहीं की गई है। पार्टी का पूरा फोकस शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम पर है। यह कार्यक्रम किसी भी तरह की राजनीति से प्रेरित नहीं है।

### भाजपा भी कर सकती है मुस्लिम वोटों पर दावेदारी

पिछले साल हुए निकाय चुनाव के दौरान ही कुछ हद तक भाजपा ने साफ कर दिया था कि लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटों पर वह भी दावेदारी करेगी। पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव के दौरान पहली बार भाजपा ने बड़ी संख्या में 395 मुसलमानों को टिकट दिए थे। बरेली में भी 2017 के निकाय चुनाव की तुलना में दुगनी संख्या में मुसलमानों को टिकट दिए गए थे। रविवार को ही ज्ञानवापी के मुद्दे पर मौलाना का बयान अखबारों में छपने से पहले ही जिस तरह भाजपा की ओर से प्रतिक्रिया जताई गई, उसका इशारा भी इसी तरफ है।

### कांग्रेस के लिए फायदे का सौदा नहीं रहा था तौकीर रजा से हाथ मिलाना

विधानसभा चुनाव 2022 से पहले हरिद्वार धर्म संसद के मुद्दे पर सक्रिय होने के बाद मौलाना तौकीर रजा खां ने कांग्रेस से हाथ मिलाया था लेकिन कांग्रेस को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। मौलाना ने जोरशोर से कांग्रेस के लिए प्रचार किया लेकिन पोलिंग बूथों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। जिले की सभी नौ सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव हारे और उन्हें कुल मिलाकर 21259 वोट ही मिल पाए।

### सलमान अजहरी पर भड़काऊ बयानबाजी का आरोप निराधार: तौकीर

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खो ने कहा कि मुफ्ती सलमान अजहरी को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। एटीएस का शामिल होना शक पैदा करता है कि उन्हें आतंकवादी साबित करने की कोशिश की जा सकती है। मुफ्ती सलमान अजहरी पर भड़काऊ बयानबाजी का आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि सलमान अजहरी आला हजरत के चाहने वाले हैं। अब आवाम की जिम्मेदारी है कि उनके साथ मजबूती से खड़े होकर रिहाई के लिए आगे आएं। मौलाना ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी का विरोध करने वाले युवकों पर मुकदमे दर्ज होने से साफ है कि सरकार मुसलमानों से नफरत करती है। पहले देवबंद पर दवाब बनाया गया। अब सलमान अजहरी की गिरफ्तारी सूफिज्म पर हमला है। अब एक ही रास्ता है कि संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज उठाने को निकलें। मौलाना ने एक बार फिर मुसलमानों से शुक्रवार को अपने कारोबार बंद रखने और इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने का आह्वान किया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन



स्मार्ट मीटर लगाने और बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में स्मार्ट मीटर और निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ''मार्क्सवादी'' अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर लगाने, ग्रामीण और खेत मजदूरों के लाखों में बिजली के बिल आने के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश सचिव राजीव शांत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार हर सरकारी संस्थान को निजी हाथों में सौंप रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की गरीबों के बिल लाखों रुपये में आ रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में बन्ने अली, इरशाद अहमद, नरायनलाल, हरीश ठाकुर, सद्दीक अहमद, तुलाराम, जावेद, कमल, टीआर लोधी एडवोकेट मौजूद रहे।

## ओवरलोडिंग बंद कराने के लिए डीएम से मिलने पहुंचे ट्रांसपोर्टर

**बरेली, अमृत विचार:** ट्रांसपोर्टर्स ने डीएम रविन्द्र कुमार से ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार की सुबह ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी डीएम मिले। ज्ञापन में कहा कि ट्रैक्टर ट्रॉलियां बिना कामर्शियल परमिट के चनहेटी से सीमेंट और खाद ढो रही हैं। इन पर कार्रवाई की जाए।

एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित ने कहा कि जिले में ओवरलोड ट्रकों पर रोक नहीं लग पा रही है। प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत और महामंत्री दानिश जमाल ने कहा कुछ दिन पहले एआरटीओ ने ओवरलोड ट्रक पकड़ा था। तब एआरटीओ से दुर्व्यवहार किया था। अधिकारियों को चेकिंग के समय सुरक्षा दी जाए। उत्तराखंड ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ वहां के अधिकारियों से भी ओवरलोडिंग बंद कराने की मांग की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में एमपी सिंह, अमर प्रीत सिंह, दिव्यांश चावला, रविन्द्र सिंह, रामकृष्ण शुक्ला मौजूद रहे।



ओवरलोडिंग बंद कराने को लेकर डीएम से मिले ट्रांसपोर्टर्स। ● अमृत विचार

## अब गेहूं खरीद की तैयारियों में जुटे अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने गेहूं खरीद की तैयारियों के लिए जिला खाद्य एवं विपणन विभाग को निर्देश दिए हैं। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं खरीद 15 मार्च से शुरू होगी। शासन ने गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये की वृद्धि कर 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। वहीं, किसानों को खरीद के बाद 72 घंटे के अंदर ही गेहूं का मूल्य उनके आधार से लिंक खाते में उपलब्ध करा दिया जाएगा। गेहूं खरीद के लिए किसानों को fcs.up.data.gov.in पर पंजीकरण कराना जरूरी होगा। यह पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केंद्र व क्रय केंद्र प्रभारियों से संपर्क कर कराया जा सकता है।

## संतों को सताने के लिए हर युग में होते हैं दुर्जन



आनंद आश्रम में भक्तमाल कथा सुनते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कथा सुनाते गौरदास महाराज।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आनंद आश्रम में श्रीभक्तमाल कथा के आठवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने भक्त नरसी मेहता की कथा का रसास्वादन किया।

कथा व्यास गौरदास महाराज ने बताया कि संतों को सताने के लिए दुर्जन हर युग, हर समय मिल जाते हैं। ऐसा ही भक्तराज नरसी मेहता के साथ हुआ। दुष्टों ने उनको सताने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उनके बेटे के विवाह हो, माता- पिता का श्राद्ध या उनकी नातिन के भात का मांगलिक अवसर। दुर्जनों ने पूरा प्रयास किया कि नरसी मेहता का समाज में अपमान हो जाए। पर जिसके रक्षक भगवान हों उसे कौन अपमानित कर सकता है। नरसी ने कभी राधा- कृष्ण के नाम का आश्रय नहीं छोड़ा। एक दिन नाम कीर्तन में इतने मगन हो गए कि उन्हें ये भी भान नहीं रहा कि उनके माता- पिता का श्राद्ध है और सभी ब्राह्मण भोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ठाकुर जी नरसी का रूप बनाकर सभी ब्राह्मणों को भोजन करवाकर दिव्य लीला कर जाते हैं। कथा के दौरान भजनों को सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। संत ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती, नरसिंह मोदी सहित सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कथा का श्रवण किया।

## सही परामर्श से कैंसर को हराना संभव: डॉ. रितु भूटानी



अपनी मरीज के साथ डॉ. रितु भूटानी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** कैंसर के बारे में गलत धारणाएं समाज में पुराने समय से ही बनी हैं। जिनके कारण सही समय पर डाक्टर की सलाह नहीं मिल पाती। सही जानकारी, समय से जांच और सही समय पर इलाज कैंसर को हरा सकता है। कैंसर रोग व उपचार को लेकर डॉ. रितु भूटानी ने यह विचार व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि कैंसर की पहचान और इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है। बीमारी एवं सही इलाज मिलने के बीच कई रुकावटें हैं जैसे शिक्षा का अभाव, आर्थिक स्थिति, सही सुविधाओं का लाभ न मिल पाना और ऐसी ही कई और। यह रुकावटें स्थाई नहीं हैं, इन्हें दूर किया जा सकता है। यही कोशिश कैंसर मुक्त कल की ओर ले जाएगी।

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द





GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका हो तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# स्कूल छोड़कर बीएसए दफ्तर में आए शिक्षक को किया निलंबित

## डीएम ने बीएसए दफ्तर का किया निरीक्षण, कर्मचारियों में रही खलबली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीएम रविंद्र कुमार सोमवार को अचानक बीएसए कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे तो कर्मचारियों और अधिकारियों में खलबली मच गई। डीएम ने सभी कक्षों के साथ फाइलें भी देखीं। दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान स्कूल छोड़कर किसी काम से कार्यालय आए भुता ब्लॉक के एक शिक्षक को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और उसे निलंबित कर दिया।

डीएम सुबह करीब 11.30 बजे बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्हें देखते ही अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक कार्यालय में किसी के प्रवेश और बाहर निकलने पर रोक लगी रही। डीएम ने कार्यालय के सभी कक्षों का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका देखी। सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। कुछ कर्मचारी स्वीकृत अवकाश के कारण कार्यालय में नहीं थे। उन्होंने कार्यालय में ऊपरी मंजिल पर बने कमरों को भी देखा। जगह- जगह फाइल और रद्दी मिलने पर सुरक्षित रख-रखाव के निर्देश दिए।



डीएम से माफी मांगते शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह।

### इन्वर्टर के लिए चैंबर और फाइलों के लिए बनेगा कक्ष

जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए दफ्तर की ऊपरी मंजिल पर फाइलों व पुराने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए टिनशेड का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए बीएसए ने पत्र जारी कर दिया है। इसके साथ ही कार्यालय में लगे इन्वर्टर व बैटरियों को भी सुरक्षित रखने के लिए अलग से चैंबरनुमा बाक्स तैयार कराया जाएगा।

इस दौरान किसी काम से कार्यालय आए भुता ब्लॉक के बरकतपुर प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार सिंह को देखकर डीएम नाराज हो गए। उन्होंने स्कूल में शिक्षण अवधि के दौरान शिक्षक के कार्यालय में होने को अक्षम्य बताकर बीएसए संजय सिंह को शिक्षक को तुरंत निलंबित करने के आदेश दे दिए।

डीएम ने कहा कि शिक्षक या कर्मचारी शिक्षण अवधि में जिले के किसी भी कार्यालय में पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बिना स्वीकृत अवकाश के शिक्षण अवधि में कोई भी किसी कार्यालय में नहीं जाएगा। डीएम के आदेश पर बीएसए संजय सिंह ने कुछ ही देर बाद शिक्षक अभिषेक कुमार को निलंबित कर दिया।

## पोस्टर बनाकर मतदान के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार:** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में सोमवार को मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई और रोवर रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं ने पोस्टर बनाए। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति पाठक निर्णायक की भूमिका में रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका सिंह व आयुषी सक्सेना, द्वितीय सोनाक्षी व उमंग वर्मा और तृतीय यशी मिश्रा और आमना रहीं। नीतू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. प्रीति सिंह, असि. प्रो. श्रद्धा मिश्रा मौजूद रहीं।

## बरेली कॉलेज को नाथ नगरी केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ विश्वविद्यालय के समर्थन के लिए शहर में चलाया जाएगा जनसंपर्क अभियान

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग फिर उठने लगी है। अस्थाई कर्मचारियों ने सोमवार को सांकेतिक धरना शुरू किया, जिसमें कॉलेज को नाथ नगरी केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग की गई। इसके लिए अभियान चलाने की बात कही गई।

कर्मचारी नेता जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि नाथ नगरी के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया जाए। हरीश मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय के समर्थन के लिए जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। 14 फरवरी को कॉलेज से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च किया जाएगा। 20 को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा जाएगा। इस दौरान रामू, रामौतार और लालू मौजूद रहे।

## आरओ परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। एडीएम प्रथम सौरभ दुबे ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

## सड़क सुरक्षा पर निबंध

**बरेली, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल मौजूद रहे।

## बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ बैठक से अभिभावक स्कूलों का शैक्षिक स्तर जान सकेंगे यूनिफार्म पर दिया जाएगा जोर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों को स्मार्ट बनाने की कवायद जारी है। बच्चों में शैक्षिक सुधार और उनकी प्रतिभा को विकसित करने के मकसद से नए शिक्षण सत्र से हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) होगी। इस संबंध में सोमवार को बीएसए कार्यालय से सभी प्रधानाध्यापकों व खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। अब तक अभिभावक- शिक्षक बैठक प्रत्येक तीन महीने पर आयोजित की जाती है।

**बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ाना मकसद:** शिक्षक मीटिंग के पीछे अधिकारियों की मंशा है कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति अधिक रुझान हो और वे अनुशासित रहें। बैठक से स्कूलों में सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता को भी अभिभावक जान सकेंगे। नए सत्र से बच्चे निर्धारित यूनिफार्म में ही स्कूल पहुंचे इसके लिए अभिभावकों पर भी दबाव बनाया जाएगा। हर माह की बैठक और बच्चों के समग्र विकास के लिए निर्धारित बिंदुओं पर अमल की निगरानी बीएसए करेंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक की ओर से पिछले माह बीएसए को पत्र जारी किया गया।

> बैठक को लेकर रूपरेखा तैयार कराई जा रही है। अगले सत्र में मुख्य रूप से जिन बिंदुओं पर बैठक में चर्चा होनी है, उसके बारे में सभी को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है।
> – **संजय सिंह**, बीएसए

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सीनियर छात्रों को दी विदाई



कैम्ब्रिज स्कूल में सीनियर छात्रों के विदाई कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में वेलेडिक्शन सेरेमनी में सीनियर छात्रों को विदाई दी गई। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कृष्णा राणा को मिस्टर और आकांक्षा को मिस फेयरवेल चुना गया। स्कूल प्रबंध निदेशक प्रो. केए वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय ने विदाई समारोह की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एजीएम देवेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. बीरेन्द्र कुमार वर्मा, वन्दना वार्ष्णेय, रश्मि त्रिपाठी, डॉ. प्रतीक्षा वार्ष्णेय, हिमांशी राजपाल, अवधेश सक्सेना, पूजा शर्मा, पुष्पा बोरा आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का लैटर पैड सौंपा



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने सोमवार को बीएसए को संगठन का वैध लेटर पैड सौंपकर आरएसएम 390 पत्रांक वाले पत्र को मान्यता देने की अपील की। कहा कि संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डा. निर्मला यादव के उक्त पत्रांक संख्या के पत्र पर नामित कार्यकारिणी ही मान्य है। पत्रांक आरएसएम 429 को निरस्त कर दिया गया है। संरक्षक राजेश मिश्रा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य आयुक्त डॉ. हरिओम का सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से प्रादेशिक मुख्यालय से दूसरी बार जिला मुख्यायुक्त के पद पर नियुक्त किए जाने पर डॉ. हरिओम मिश्रा को सम्मानित किया गया। सोमवार को तिलक इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सितारा त्यागी ने उन्हें अधिकार पत्र प्रदान किया। जिला आयुक्त डा. एसपी पांडेय, जिला आयुक्त गाइड अनु पराशरी, जिला सचिव डा. रवि शरण सिंह चौहान, हरिलाल शर्मा, डा. पुष्पकांत शर्मा, गौरव पाठक आदि उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुशील कुमार पुत्र स्व. श्री हरवीर सिंह के नाम का वैनामा जो जनकल्याण शिक्षण संस्थान आनंदपुरी एटा के नाम से है जो अपनी शिक्षण संस्थान से तहसील जाते समय रास्ते मे कही गिर गये है जिसकी गाटा संख्या 156 है। **जितेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट मो. 6397957397**

**सूचना**

200 गज आवासीय प्लॉट बिकाऊ है-
30 गज फ्रंट, 20 फिट चौड़ा रोड
मलिक एनक्लेव, शाहजहांपुर रोड, नकटिया, बरेली (उ.प्र.)
संपर्क करें:- 9358714078

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO 9001-2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



Rohilkhand Medical College & Hospital RMCH Bareilly Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
**हड्डी रोग विभाग** एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
**स्त्री रोग विभाग** स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
**शल्य रोग (सर्जरी) विभाग** अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
**बाल रोग विभाग** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
**छाती एवं क्षय रोग विभाग** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
**मेडिसिन विभाग** अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल



Keshlata Cancer Hospital Ltd Bareilly
केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• निःशुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जाँच निःशुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## सार-संक्षेप

### शासकीय अधिवक्ताओं को दिए प्रशस्ति पत्र



**विधि संवाददाता, बरेली :** जनपद न्यायालय स्थित डीजीसी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी सुशील धुले ने पीड़ित वादकारियों को शीघ्र न्याय दिलाने को पैरवी में तेजी लाने को कहा। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं के उत्कृष्ट कार्य को सराहा। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक ने भी प्रभावी पैरवी के लिए कहा। इस दौरान एसएसपी ने जनवरी 2024 में कई मामलों में अच्छी पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शासकीय अधिवक्ता और विशेष लोक अभियोजक आदि मौजूद रहे।

### महिला अस्पताल में मनाया कन्या जन्मोत्सव




**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नवजात शिशु बालिकाओं के अभिभावकों के साथ मिलकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। अभिभावकों को बच्चों के कपड़ों की किट दी गई। वहीं रजपुरा माफी विकास खंड बिथरी चैनपुर में किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन बांटे गए। इस मौके पर महिला कल्याण अधिकारी सोनम शर्मा, बिंदु ,नरेंद्रपाल व अन्य उपस्थित रहे।

### बरेली कॉलेज में एलएलबी छात्र को नकल के साथ पकड़ा



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सोमवार को एलएलबी की परीक्षा में तृतीय सेमेस्टर के छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। सचल दल ने उसे बुक कर रिपोर्ट रुहेलखंड विश्वविद्यालय भेज दी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो . आलोक खरे ने बताया कि दोपहर 2 :30 से 5 :30 बजे की पाली में तृतीय सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षा थी। इसके कॉलेज के तृतीय सेमेस्टर के छात्र के पास से चेकिंग के दौरान नकल पकड़ी गई।

### माध्यमिक स्कूलों में आईटीआई की होगी पढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** छात्रों को परंपरागत के साथ कौशल विकास योजना के तहत कई तरह की तकनीकी शिक्षा भी मुहैया कराई जा रही है। आगामी सत्र में राजकीय माध्यमिक स्कूलों में छात्रों को आईटीआई की भी शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए शासन स्तर पर जरूरी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में मार्च माह के मध्य तक जरूरी दिशा-निर्देश जारी होने की उम्मीद है। राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्र - छात्राओं को कौशल विकास योजना के तहत ब्यूटिशियन, कम्प्यूटर बेसिक साफ्टवेयर, सहित विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों का रुझान भी बढ़ा है। इसे देखते हुए सभी सरकारी स्कूलों में आईटीआई के पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू किया जाएगा। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि छात्रों में तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा के प्रति निश्चित रूप से रूझान बढ़ा है। शासन की मंशा भी है कि छात्रों को परंपरागत शिक्षा के साथ तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाए। ताकि एक ही संस्थान से जरूरी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। अभी कोई पत्र जारी नहीं हुआ है।

### स्याही का निशान बताएगा दवा खाई या नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** चुनावों में मतदाता की उंगली में स्याही का निशान लगाकर मतदान का प्रमाण दिया जाता है। उसी तरह स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के तहत फाइलेरियारोधी दवा खाने के बाद लाभार्थी के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर निशान लगाया जाएगा। यह पहल इसलिए की जा रही है कि जानकारी हो सके कितने लोगों ने दवा का सेवन किया है और कितने इससे वंचित हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में 10 से 28 फरवरी तक स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर अपने सामने दवा खिलाएंगी। दवा खाने वाले व्यक्ति के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर मार्कर पेन से निशान लगाया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के तहत करीब 47 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 3890 टीमें बनाई गई हैं । एक दिन में एक टीम कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर दवा का सेवन कराएगी। इन टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 783 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं । अभियान के तहत फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईथाइल कार्बामीजीन (डीईसी) और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।

### पिल्लों को हटाने पर भतीजे ने लाठी-डंडों से पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** पिल्लों को हटाने पर भतीजे और उसके साथियों ने चाचा को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। उनकी पत्नी और बच्चों को भी पीटा। बिथरी पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परसोना गांव निवासी जमील ने बताया कि उसके घर के पास पिल्ले रहते हैं और गंदगी करते हैं। वह पिल्लों को उठाकर दूसरी जगह रखने जा रहे थे। इसी दौरान उनका भतीजा मुजीम, भाई आमिर खान और अनीश खां ने लाठी डंडों से उनपर हमला कर दिया। बचाने आई पत्नी फरजाना और बेटी सबीना, सुआलिया को भी मारा पीटा। पुलिस ने मुजीम, आमिर और अनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फसल नष्ट करके खेत पर कब्जे की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर पुलिस ने खेत पर कब्जे की कोशिश और फसल नष्ट करने के आरोप में तीन नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हरुनगला निवासी धर्मपाल ने बताया कि उनका खेत बिथरीचैनपुर के वालीपुर गांव में है। खेत पर वालीपुर के ही मन्नेशाह, गुलाबशाह, हवा खान और एक अन्य व्यक्ति कब्जा करना चाह रहे हैं। तीन जनवरी को आरोपियों ने 11 बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल को जोतकर नष्ट कर दिया। वह पत्नी कमलेश के साथ खेत पर गए तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

# मौसम में बदलाव से बढ़ीं बीमारियां, जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 12 सौ मरीज

## ओपीडी के साथ पर्चा काउंटर, ईसीजी और एक्सरे के भी लगी लाइनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मौसम में बार-बार बदलाव से लोग बीमार हो रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। इनमें फिजिशियन, आर्थोपेडिक, त्वचा और बाल रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में ज्यादा मरीज पहुंचे। इसके अलावा हज आजमीन की भी काफी संख्या रही। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब 12 सौ से अधिक मरीजों का पंजीकरण किया गया।

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राहुल बाजपेई ने बताया कि पिछले सप्ताह धूप खिलने के दौरान लोगों ने सर्दी को गंभीरता से नहीं लिया। मौसम परिवर्तन की वजह से लोग सर्दी, जुकाम, खांसी की चपेट में आ रहे हैं।

अधिकांश लोगों में सांस फूलने और हाइपरटेंशन की भी शिकायत देखी गई है। इनमें बुजुर्गों की संख्या अधिक रही। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. संजय सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में जोड़ों में अकड़न होने लगती है। ठंडी हवाएं चलने से पुरानी चोट के दर्द उखड़ने की भी समस्या होती है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय यादव ने बताया कि ब्रोंकाइटिस बीमारी के चलते गला खराब होने और नमी के कारण कान के इन्फेक्शन के मरीज अधिक पहुंचे।



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लगी मरीजों की लाइनें। ● अमृत विचार

### मौसम में बदलाव से बढ़ा मम्प्स का खतरा

कड़ाके की ठंड में बच्चों की सेहत पर मम्प्स कहर बरपा रहा है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में सामान्य से अधिक संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि वायरल संक्रमण से होने वाली बीमारी मम्प्स के मामले सामान्यत: ठंड के मौसम में बढ़ जाते हैं। ओपीडी में सप्ताह में तीन से पांच मामले पहुंचे हैं, जिन्हें गंभीर श्रेणी में रखा गया।

### एक्स-रे, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच कराने के लिए हज आजमीन की भीड़

हज आजमीन सोमवार को ओपीडी में सीवीसी, रेंडम ब्लड शुगर, एक्स-रे चेस्ट, केएफटी एंड ईसीजी आदि जांच के लिए करीब 200 लोग पहुंचे। इसके चलते एक्सरे, ईसीजी, पैथोलॉजी की जांचों के लिए लोगों को लंबी लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। हालांकि कुछ जगह नोकझोंक की स्थिति बनीं, लेकिन स्टाफ ने सभी शांत कराया गया। करीब 350 से अधिक पैथोलॉजी जांचें, 55 से अधिक एक्स-रे, 40 से अधिक ईसीजी की जांच अस्पताल स्टाफ की ओर से की गईं।



# ट्रेनों से कटकर एक साल में 114 लोगों की जान गई



अवध असम एक्सप्रेस में लटककर सफर करते यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आरपीएफ और जीआरपी लगातार लोगों का आह्वान करती है कि बंद रेलवे क्रासिंग पार नहीं करे, रेल की पटरियों से दूर रहें, लटककर यात्रा न करें। इसके बावजूद बड़ी तादाद में लोग ट्रेनों से कटकर जान गंवा रहे हैं। बरेली जंक्शन जीआरपी क्षेत्र में जनवरी 2023 से इस साल जनवरी तक ट्रेन से कटकर 114 लोगों की मौत हो गई।

आंकड़े बताते हैं कि एक साल में बरेली जंक्शन पर कुल 64 मामले रनओवर ( ट्रेन से कटकर मौत) के दर्ज किये गये। जबकि जीआरपी क्षेत्र से बाहर अलग-अलग थानों में कुल 50 लोगों की ट्रेन से कटकर मौत दर्ज हुई। इनमें 30 मृतकों की शिनाख्त ही नहीं हो पाई और जीआरपी ने अज्ञात में इनका अंतिम संस्कार कराया। माहवार आंकड़ों की बात करें तो जीआरपी ने वर्ष 2023 की जनवरी में सात, फरवरी में तीन, मार्च में दो, अप्रैल में छह, मई में दो, जून में सात, जुलाई में सात, अगस्त में छह, सितंबर में छह, अक्टूबर में छह, नवंबर में चार, दिसंबर में दो और जनवरी 2024 में छह मामले रनओवर के दर्ज किये। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि समय-समय पर लोगों को सुरक्षित सफर और ट्रेन की पटरियों से दूर रहने के लिये जागरूक किया जाता है।

### ट्रेनों में लटककर सफर पड़ रहा जान पर भारी

मृतकों में बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है जिनकी मौत ट्रेन से गिरकर हुई। बावजूद यात्री अपनी जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आते। ट्रेनों में भीड़ के कारण दरवाजे पर लटककर सफर करना भारी पड़ रहा है। सोमवार को भी 15910 अवध असम एक्सप्रेस में यात्री गेट पर लटककर सफर कर रहे थे। इस पर कंट्रोल रूम से मेसेज जारी किया गया।

# अफीम की अवैध खेती करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

**अमृत विचार :** बहेड़ी थाना पुलिस ने अफीम की अवैध रूप से खेती करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 375 अफीम के पौधे और 185 ग्राम डोडा पोस्त भी बरामद किया है।

बहेड़ी सीओ डॉ. तेजवीर सिंह और थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने पुलिस टीम के साथ सोमवार सुबह 8 बजे के करीब रिछौली फार्म पहुंचे तो वहां शमशेर सिंह अफीम की खेती कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अफीम की खेती बरसीम के खेत में की थी। इसके बाद दूसरे खेत में पौध लगाई थी। तीन महीने में पौधा तैयार हो जाता, जिससे वह अफीम और डोडो पोस्त निकालकर बेच देता।

पुलिस ने जसपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से दो तमंचा और 33 जिंदा कारतूस समेत चार खोखे बरामद हुए।



अफीम की खेती करने वाला आरोपी।

▸▸ **पुलिस ने 375 अफीम के पौधे और 185 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया**

> अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। खेत से 375 पौधे पुलिस ने बरामद किए हैं।
>
> **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# मुसलमानों को शिक्षा से दूर करने का हो रहा प्रयासः सलमान मियां

**बरेली, अमृत विचार :** जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने मुसलमानों पर ज्यादती बढ़ने और शिक्षा से दूर करने के प्रयास का आरोप लगाया। कहा कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने स्थायी मदरसों की जांच के लिए कमेटी गठित की है, जो मनमानी कर रही है।

जमात मुख्यालय पर बैठक में सलमान मियां ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मदरसों को मनमाने नोटिस भेजकर दबाव बनाया जा रहा है। मॉब लिंचिंग तो कहीं झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। बैठक में मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना जाहिद हुसैन, मोईन खान , मौलाना अशफाक उर रहमान, मौलाना शम्स, मौलाना शर्फुद्दीन, मौलाना इंतेजार, मौलाना उबैदउल्लाह, अकरम, अनवर अली, मुहम्मद फारूक मिस्बाही, मुहम्मद अकबर अली, मुहम्मद जाहिद रजा, गुलाम मुस्तफा, शहादत रजवी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य से उमराह कराने के बहाने 5.40 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राजस्थान के जोधपुर निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य से बरेली की एक कंपनी ने उमराह कराने के बहाने 5.40 लाख रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद मक्का भेजन से इन्कार कर दिया और रुपये भी वापस नहीं किए। मुख्यमंत्री के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कंपनी के निदेशक समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जोधपुर के रातानाडा महावीर कॉलोनी निवासी मोहम्मद मुनईम अहमद उस्मानी ने मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह केंद्रीय विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने अपना और परिवार के छह सदस्यों और एक बच्चे का पीलीभीत बाईपास स्थित इबादत उमराह इंडिया कंपनी से ऑनलाइन टिकट बुक कराए थे। टिकटों का 5.40 लाख रुपये का भुगतान 3 से 8 अगस्त 2023 तक अपने और बेटे मोहम्मद वकार के बैंक खाते से ऑनलाइन किया था। संस्था की कर्मचारी इमराना और जुनैद ने 12 अगस्त को जाने और 6 सितंबरको वापस आने के टिकट ऑनलाइन भेजे थे। टिकट भेजने के कुछ देर बाद तस्लीम नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि वह उन लोगों को मक्का नहीं भेजा सकता है और आपके रुपये एक या दो दिन में वापस कर दिए जाएंगे। इसके बाद आरोपियों ने 20 सितंबर को एक चेक 30 सितंबर की तिथि का बनाकर भेजा, लेकिन ये चेक कैंसिल हो गया। कंपनी के निदेशक वसीम हसन, तस्लीम, काशिफा, इमराना, जुनैद और कंपनी के मैनेजर ने रुपये वापस नहीं किए। उधार रुपये लेकर अधिक रुपये में हज यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बारादरी पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर वसीम हसन, तस्लीम, काशिफा, इमराना, जुनैद और कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ **मुख्यमंत्री के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कंपनी के निदेशक समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

### असम के व्यक्ति से भी की ठगी

इबादत उमराह प्राइवेट कंपनी के निदेशकों पर असम के व्यक्ति ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। असम के बारालिमारी नंबर दो पब जुरियाना निवासी अब्दुल बशर ने बताया कि वर्ष 2022 में पीलीभीत बाईपास स्थित इबादत उमराह कंपनी निदेशक और तस्लीम शाद निवासी मलूकपुर बजरिया से वित्तीय लेनदेन किया था। उन्होंने 6.94 लाख रुपये उधार दिए थे लेकिन रुपये वापस नहीं किए। आरोपियों ने दो अलग अलग चेक दिए, दोनों चेक धनराशि न होने के कारण वापस आ गए। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने निदेशक व तस्लीम शाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बेटे को बचाने पर पिता पर चाकू से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज थाना क्षेत्र में बेटे की पिटाई कर रहे दबंगों को पिता न रोका तो दबंगों ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सोमवार को मामले की एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। मीरगंज कस्बा निवासी दीनानाथ गुप्ता ने बताया उनके बेटे रिशु के साथ घर के बाहर चार-पांच दबंग लोग गाली गलौज कर मारपीट कर रहे थे। इसकी जानकारी पड़ोसियों ने उन्हें दी। वह बेटे को बचाने पहुंचे तो दबंगों ने लाठी- डंडे और चाकू से हमला कर दिया।

# गोली मारने वाला सपा नेता शहर में करा रहा है इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र के गांव ठिरिया नथमल में ग्राम समाज की जमीन के लिए गोली चलाने वाले सपा नेता ठाकुर चंद्र पाल सिंह का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से संपर्क कर जानकारी हासिल की। पुलिस का कहना है कि ठीक होते ही उसे अस्पताल से ही गिरफ्तार किया जाएगा।

सपा नेता ठाकुर चंद्र पाल सिंह और पड़ोसी सरदार कुलवंत सिंह के बीच ग्राम समाज की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार को सपा नेता ने बेटे सुबोध और गौरव के साथ फायरिंग की, जिसमें चंद्र पाल सिंह और उनके दोनों बेटे व दूसरे पक्ष के कुलवंत, कुलजीत व गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सपा नेता के दोनों बेटों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि, सपा नेता की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस को जानकारी मिली कि शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसे पुलिस अभिरक्षा की जगह अस्पताल प्रबंधन के भरोसे छोड़ दिया है। थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि आरोपी का इलाज चल रहा है, जैसे ही वह ठीक होता है उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आरोपी महिला को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के सुरेश शर्मा नगर में गर्भवती महिला आकांक्षा की 24 दिसंबर को ससुराल में जलकर मौत हो गई थी। पिता दिनेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नामजद तीन आरोपियों में से पति अशोक और सास शांति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि ननद गीता फरार है। मृतका के पिता दिनेश कुमार निवासी रजत विहार ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर ननद को गिरफ्तार करने की मांग की है। आरोप है कि आकांक्षा की मौत के बाद आरोपियों ने उनकी धेवती को भी गायब कर दिया है।

# इकोकार्डियोग्राफी से होती है पशुओं में हृदयाघात की पहचान



आईवीआरआई में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण की शुरुआत के दौरान मौजूद वैज्ञानिक।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **आईवीआरआई में श्रीलंका, नेपाल, मालद्वीव के वैज्ञानिकों को दिया जाएगा इकोकार्डियोग्राफी का प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** छोटे पशुओं में हृदयाघात के मामले बढ़ रहे हैं। हृदय की बीमारियों की चपेट में आने वाले पशुओं की मृत्युदर 100 प्रतिशत है। हृदय की बीमारियों की पहचान के लिए होने वाली जांच को इकोकार्डियोग्राफी कहा जाता है। आईवीआरआई के शल्य चिकित्सा विभाग की ओर से केरल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र के साथ ही श्रीलंका, मालद्वीव, नेपाल, ओमान के वैज्ञानिकों को इकोकार्डियोग्राफी संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। छह दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत सोमवार को की गई।

पाठ्यक्रम निदेशक व आरवीसी के प्रभारी प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमरपाल ने बताया कि श्वान (कुत्तों) में हृदय वाल्व अनियमित रूप से काम करने लगता है। इसके असंतुलन से हृदय का आकार बढ़ जाता है। हृदय सकुंचन क्षमता घट जाती है जिससे शरीर में खून का प्रवाह कम हो जाता है और श्वानों की मृत्यु हो जाती है। बिल्लियों में हृदय की दीवार की मोटाई बढ़ जाने से हृदय चैंबर छोटा हो जाता है। ऐसे में शरीर में खून का प्रवाह कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से छोटे पशुओं में हृदय की बीमारियों को समझकर निदान के बारे में बताया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि संसाधन न होने से हृदय की बीमारियों की पहचान नहीं हो पाती और पशुओं की मृत्यु हो जाती है। बताया कि भारत व दूसरे देशों के प्रशिक्षणार्थियों को फ्रैक्चर मैनेजमेंट, एनेस्थिसिया, स्टेम सेल, यूरोलिथियासिस प्रबन्धन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालन डा. अभिषेक सक्सेना ने किया। संयुक्त निदेशक कैडराड डा. के.पी. सिंह, वन्य जीव प्राणी उद्यान के प्रभारी डा. अभिजीत पावड़े, डा. रेखा पाठक, डा. रोहित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले हिस्ट्रीशीटरों का खंगाला रिकार्ड

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

**अमृत विचार :** आगामी लोक सभा चुनाव में किसी तरह की खुराफात न हो, इसके लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने जिले के हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली खंगाली। सत्यापन के दौरान पता चला कि 120 हिस्ट्रीशीटरों की मौत हो चुकी है, जबकि 2260 हिस्ट्रीशीटर जीवित हैं। इनमें 80 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। वहीं 41 गिरोह सक्रिय हैं, जिनमें 217 सक्रिय सदस्य शामिल हैं। पुलिस इन पर सख्ती करेगी।

चुनाव के मद्देनजर पुलिस कोई कमी छोड़ना नहीं चाहती। यही वजह है कि बदमाशों का रिकार्ड चेक किया जा रहा है। चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वाले लोगों की भी पहचान की जा रही है। इन सभी को मुचलका पाबंद कर नजरबंद किया जाएगा। पुलिस सत्यापन में पता चला कि जिले के 120 हिस्ट्रीशीटर जिला छोड़कर बाहर चले गए हैं।

**275 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई, 25 जिला बदर :** पुलिस ने 275 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है, वहीं 25 को जिला बदर किया गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत 67 मुकदमे दर्ज 281 अपराधियों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस पूर्व के चुनावों में हुए विवादों का भी रिकार्ड खंगाल रही है।

नेताओं और उनके समर्थक कौन-कौन रहे हैं। किसके बीच झगड़ा हुआ और पुलिस ने क्या कार्रवाई की। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है। पहले के चुनावों में जिन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है, उनकी भी निगरानी शुरू की जा रही है।

▸▸ **पुलिस सत्यापन में पता चला कि 120 हिस्ट्रीशीटरों की हो चुकी मौत**

▸▸ **जिले में सक्रिय हैं 41 गिरोह, जिनमें 217 सदस्य शामिल**

> लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों और गैंगस्टरों समेत संगठित अपराध करने वाले अपराधियों का ब्योरा तैयार कर लिया है है। साथ ही सभी का सत्यापन भी कराया गया है। जो भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# बालिका संग दुष्कर्म की कोशिश करने वाले बुजुर्ग को चार वर्ष कैद

**बरेली, अमृत विचार :** 10 वर्षीया लड़की संग छेड़छाड़, दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट राम दयाल ने भोजीपुरा मिलक अलीनगर निवासी ऐजूब अली (70) को चार वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि 27 जून 2021 को 9 बजे उनकी पुत्री ऐजूब के घर खेलने गयी थी। वह बेटी को खोजते हुए पहुंची तो ऐजूब दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। विरोध करने पर धमकी देता हुआ भाग गया। शासकीय अधिवक्ता ने 8 गवाह पेश किये थे।

# साठगांठः दबंगों ने पीटा और पुलिस ने कर दिया चालान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर पुलिस पर पीड़ित भाइयों ने आरोपियों से साठगांठ कर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया है। पीड़ित ने दोबारा शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

सुभाषनगर के दामोदरपुरम कॉलोनी निवासी सुखदेव ने बताया कि 31 जनवरी को उनके परिचित की शादी बदायूं रोड स्थित एक बरात घर में थी। जिसमें उनके भाई सुरेश की एक अन्य व्यक्ति से हाथापाई हो गई थी। उस वक्त लोगों ने मामला शांत कर दिया। उसी रात दबंग और उसके साथियों ने उनका दरवाजा खटखटाते हुए गाली गलौज की। एक फरवरी को आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ दोबारा उनके घर में घुस आया और मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तीन फरवरी को दबंग और उसके 15-20 साथी दोबारा पीड़ित के घर में घुस आए और माता-पिता भाभी के साथ मारपीट की। इसके बाद पुलिस से पकड़वा दिया। चार फरवरी को पुलिस ने उनके और भाई के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करा दी। जब वह जमानत करा रहे थे, तभी आरोपी घर में घुस आए ओर मारपीट की। इस मामले में एसएचओ सुभाषनगर को कई बार फोन किया, लेकिन उनका फोन उठ नहीं सका।

▸▸ **बरात में विवाद के बाद घर में घुसकर की थी मारपीट**

## एक नजर

### रास्ते में घेरकर युवक को जान से मारने की कोशिश

**कैंट, अमृत विचार :** सद्भावना कॉलोनी निवासी अरुण यादव ने बताया कि वह सोमवार सुबह रामपुर गार्डन स्थित स्कूल में जा रहे थे। इसी बीच पुरानी रंजिश के चलते क्षेत्र के तीन युवकों ने उन्हें कॉलोनी के पास स्थित शराब भट्ठी के पास रोक कर गाली-गलौच की। विरोध करने पर गले में तार का फंदा डालकर कसने का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

### 12वीं में पढ़ रही छात्रा को बहलाकर ले गया युवक

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** एक युवक शुक्रवार को 12वीं में पढ़ रही छात्रा को बहलाकर ले गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार छात्रा के गांव का ही आरोपी है। छात्रा बरेली शहर स्थित एक विद्यालय में पढ़ती थी। युवक लंबे समय से उसके पीछे पड़ा था।

### सफाई कर्मियों ने ठेका प्रथा का किया विरोध

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने स्थानीय निकायों में ठेका के माध्यम से कर्मियों को रखे जाने का विरोध किया। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

# इंटरलॉकिंग सड़क उखाड़कर रास्ते को कब्जाने की कोशिश

## एसडीएम ने ईओ को दिए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**फरीदपुर अमृत विचार:** एक दबंग ने मोहल्ले में इंटरलॉकिंग सड़क उखाड़कर कब्जा करने की कोशिश की। मोहल्ले के लोगों ने मामले की शिकायत डीएम और एसडीएम से की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ईओ और पुलिस को जांच कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सड़क उखाड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है।

कस्बे में मोहल्ला सुखदेवपुर लाइन पार निवासी एक व्यक्ति कई बार अपने मकान के पास रास्ते पर कब्जा करने की कोशिश कर चुका है। इस संबंध में शिकायत की गई, मगर सुनवाई नहीं हुई। इससे उसके हौसले बढ़ गए। आरोप है कि रविवार को आरोपी परिवार वालों के साथ इंटरलॉकिंग टाइल्स को उखाड़कर सड़क पर कब्जा करने लगा। इस दौरान मोहल्ले वालों ने टाइल्स उखाड़ने का वीडियो बना लिया। सोमवार को मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम और ईओ से शिकायत की।

उन्हें टाइल्स उखाड़ने का वीडियो भी दिखाया। एसडीएम ने तत्काल नगर पालिका ईओ और कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसपर ईओ ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया है। फिलहाल देर शाम तक पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।



कस्बे में इंटरलॉकिंग सड़क उखाड़ने की वायरल फुटेज।

- मोहल्ला सुखदेवपुर लाइन पार के स्थानीय लोगों ने की थी शिकायत
- पुलिस बोली- पालिका ने तहरीर देने के कुछ देर बाद ले ली वापस

"मामले में नगर पालिका की ओर से तहरीर दी गई थी, मगर कुछ देर बाद वापस ले ली गई।
–राम सेवक, प्रभारी निरीक्षक, फरीदपुर

## छेड़खानी मामले में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छेड़खानी के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिशारतगंज क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद वह बिथरी चैनपुर क्षेत्र में पति के दोस्त के साथ पत्नी के रूप में रहने लगी। महिला का आरोप है कि जिस गांव में वह रह रही है, वहां के धर्मेंद्र और बिजेंद्र छेड़छाड़ करने लगे। 21 नवंबर 2023 को वह सुबह नकटिया स्थित एक मंदिर पर गई थीं। आरोप है कि यहां धर्मेंद्र और बिजेंद्र ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर लोग आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र और बिजेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- कई शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने नहीं की सुनवाई

## बराती और दुल्हन के भाइयों को पीटा, विरोध पर चलाई गोलियां

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** एक गांव में दबंगों ने बरात में जमकर उत्पात मचाया। विरोध करने पर बराती और दुल्हन के भाइयों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान फायरिंग भी की। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। दुल्हन के पिता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। देर शाम तक पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

गांव चौबारी निवासी सत्यवीर सिंह ने बताया कि रविवार शाम मुरादाबाद से बेटी दीक्षा की बरात आई थी। बरात चढ़ने के दौरान करीब 10 बजे गांव के ही कुछ दबंगों ने बज रहे बैंड को रुकवा दिया। बरातियों से अभद्रता करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर इन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उनका बेटा धर्मवीर सिंह और भतीजा बीच बचाव कराने पहुंचे तो आरोपितों ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली बेटे के सिर के पास से होती हुई निकल गई। फायरिंग से बरात में भगदड़ मच गई। आरोपी घर में घुस आए और मारपीट की।

आरोप है कि मारपीट में सत्यवीर के भतीजे सौरभ का हाथ टूट गया। किसी ने डायल 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। सत्यवीर ने मामले में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- दबंगों ने मचाया जमकर उत्पात गांव चौबारी में आई थी बरात
- मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस जांच में जुटी

### दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल

**मीरगंज, अमृत विचार :** कस्बे में दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। मोहल्ला मेवात निवासी दीनानाथ गुप्ता ने बताया कि गाड़ी निकालने को लेकर दबंगों से कहासुनी हो गई। आरोपियों ने उन्हें पीटा। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## 260 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मीरगंज, अमृत विचार :** पुलिस दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 260 ग्राम चरस, 1130 रुपये और बाइक बरामद हुई है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

उप निरीक्षक ओम कुमार के अनुसार वह टीम के साथ रविवार को लभारी चौकी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि कुल्छा फ्लाईओवर के पास नगरिया सादात की ओर जाने वाले रास्ते पर दो तस्कर खड़े हैं। वह मौके पर पहुंचे तो दोनों बाइक से भागने लगे। टीम ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम नेत्रपाल और दानसिंह निवासी गुरगावा मैन गोटिया थाना सिरौली बताया। दोनों के पास से चरस बरामद हुई। दोनों बताया कि वे चरस बेचने जा रहे थे। बाइक के कागज न होने पर पुलिस ने उसे सीज कर दिया।

### कार की टक्कर से मानसिक मंदित युवक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** हाईवे पर बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े मानसिक मंदित युवक को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। कार चालक घायल को अस्पताल ले गया। राहगीरों के मुताबिक कार चालक इलाज कराने की बात कहते हुए घायल को साथ ले गया है।

# ठगी का खेल, राशन कार्ड के नाम पर मांगी जा रही रिश्वत

**आंवला, अमृत विचार :** राशन कार्ड संबंधी टोल फ्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद कुछ शिकायतकर्ताओं से ठग संपर्क कर रहे हैं। फोन कर उनसे रिश्वत मांग रहे हैं। इससे लोग परेशान हैं। कॉल करने वाले ठग खुद को पूर्ति विभाग से जुड़ा बता रहे हैं।

रामनगर ब्लॉक के गांव गोठा खंडूआ निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि उसकी मां हरवती के नाम राशनकार्ड है। जिसमें उसका नाम दर्ज है। अब वह विवाहित हैं। करीब तीन वर्षों से अपना राशन कार्ड अलग कराने के लिए पूर्ति कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। सोमवार सुबह उन्होंने पूर्ति विभाग के टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज की। दोपहर करीब दो बजे एक नम्बर से उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पूर्ति कार्यालय से बोलने की बात कही। उसने शिकायत में दर्ज सभी बाते बताकर राशन कार्ड का काम करने के नाम पर एक हजार रुपये की मांग की और तहसील के पूर्ति कार्यालय पर आने को कहा। वहीं, ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव मोतीपुरा निवासी बविता पत्नी धर्मेन्द्र मौर्य ने इसी टॉल फ्री नम्बर पर नया राशन कार्ड न बनने की शिकायत की। इस पर आधा घंटे के बाद उसी नम्बर से उनके पास भी कॉल आई और उनसे भी एक हजार रुपये की मांग की गई। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि जो मोबाइल नंबर बताया जा रहा है, वह उनके कार्यालय में किसी का नहीं है। इस समय जिले में राशनकार्ड बनने और नाम दर्ज कराने का कार्य बंद है। मामले से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

- हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद ठग कर रहे फोन
- एसडीएम बोले, कॉल डिटेल निकलवाकर की जाएगी कार्रवाई

"कोई साइबर ठग है। वह किसी तरह शिकायतकर्ताओं की डिटेल लेकर उनसे काम कराने के नाम पर ठगी कर रहा है। उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। कोई किसी को रुपये न दे।
–गोविंद मौर्य, एसडीएम आंवला

# जर्जर सड़कें बयां कर रहीं विकास की असलियत



गांव रजऊ परसपुर में बदहाल सड़क पर पसरी कीचड़। ● अमृत विचार



सफाई न होने के कारण गंदगी से बजबजा रही हैं नालियां। ● अमृत विचार

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** गांव रजऊ परसपुर में कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बारिश के बाद इनकी हालत और भी ज्यादा खराब हो गई है। कीचड़ से होकर ग्रामीणों को निकलना पड़ रहा है। गंदगी से नालियां चोक हैं। इस कारण हल्की बारिश में ही जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। विकास के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। फरीदपुर ब्लॉक के गांव रजऊ परसपुर में करीब 10 हजार आबादी है, इसमें चार हजार वोटर हैं। गांव में कई सड़कें बदहाल हैं। बारिश के बाद से इन सड़कों पर कीचड़ पसर गया है।

- गांव रजऊ परसपुर में परेशानी झेल रहे ग्रामीण



गंदगी से नालियां चोक हैं। सड़कों पर गहरे गड्ढे हैं। जहां से आने जाने में परेशानी होती है। कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। अभी तक समस्या का निदान नहीं हो सका है। –आदर्श मिश्रा



सड़कों पर कीचड़ के चलते बच्चों को स्कूल आने जाने में दिक्कत होती है। जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके।
कुसुम



सड़कों की हालत खराब है। ग्राम प्रधान और सचिव के सामने समस्या रखी जा चुकी है। मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।
–बहादुर लाल

"जलनिकासी की व्यवस्था को ठीक किया जाए। क्योंकि कई जगह नालियां पूरी तरह से चोक हैं। हल्की बारिश में ही जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। –चिराग शर्मा

"गांव में लगातार विकास हो रहा है, जो सड़कें खराब हैं, वे अन्य विभागों को बनानी हैं। ग्राम पंचायत की ओर से होने वाले सभी कार्य कराए जा रहे हैं। –वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान।

## सार-संक्षेप

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर पदयात्रा का किया स्वागत




**शेरगढ़/फतेहगंज पश्चिमी :** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों के नेतृत्व में मेरठ से शुरू हुई भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर पदयात्रा का सोमवार को कस्बा फतेहगंज पश्चिमी में स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान करने पर केंद्र सरकार को आभार जताया। पदयात्रा प्रमुख गिरीश मथुरिया सेन ने कहा कि सेवानिवृत्त जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए। बताया कि पदयात्रा एक फरवरी से आरंभ हुई है, जो 17 फरवरी को कर्पूरी ठाकुर पार्क लखनऊ में विचार गोष्ठी के साथ संपन्न होगी। राहुल सेन, बॉबी सेन, मेरठ के पूर्व पार्षद कुलदीप सेन, डॉ. अजय श्रीवास्तव, रक्षपाल श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, भूपराम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### देशभक्ति गीत में शिवानी और नरेंद्र ने मारी बाजी

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन डॉ. श्रद्धा गुप्ता प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बदायूं ने किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं हुईं। देशभक्ति गीत में शिवानी सिंह एवं नरेंद्र ने संयुक्त रूप से प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और वैष्णो गुप्ता एवं उर्वशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत में भूमिका सिंह, शिवानी सिंह ने प्रथम, परितोष पाठक और अंजलि राठौर ने द्वितीय, तुलसी देवी व नीरज कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में वैष्णव गुप्ता ने प्रथम, विमल मौर्य ने द्वितीय और लता सिंह एवं कशक मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह। प्रो. देवीशरण, सौरभ कुमार, प्रो. अर्चना पांडेय, डॉ. एकता सिंह, प्रो. राम मूर्ति, प्रो. सचिन अग्रवाल, प्रो. हिमांशु श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक विश्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### घर में लगी आग, सात बकरी जलकर मरीं

**भदपुरा/ क्योलड़िया अमृत विचार :** ग्राम मेथी में मोहम्मद हासिम के घर में रविवार को अचानक आग लग गई। इससे छह बकरियों की जलकर मौत हो गई। घर में रखी नकदी और सामान भी जल गया। हादसे के वक्त घरवाले शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जब वे लौटे तो आग जल रही थी। तुरंत आग बुझाई गई। घरवालों के पास अब सिर छिपाने के लिए जगह नहीं है। सोमवार सुबह हल्का लेखापाल ने मौका मुआयना किया।

### सेवाएं प्रभावित, जनसेवा केंद्र संचालक परेशान

**शिवपुरी, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट की सेवाएं प्रभावित होने से जनसेवा केंद्र संचालकों को दिक्कत हो रही है। ग्राहकों के प्रमाण पत्र बनवाने में भी अड़चनें आ रही हैं। केंद्र संचालक अजय कुमार शिवपुरी, नासिर हुसैन सिरौली आदि ने बताया कि फार्म भरते समय अक्सर साइट बंद हो जाती है। इससे परेशान होती है।

### सम्मेलन में छात्राओं को सशक्त बनाने पर जोर



**नवाबगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का जिला स्तरीय छात्रा सम्मेलन जीएलएस स्कूल में हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि बलराज पासी ने कुरीतियों को दूर कर छात्राओं को आगे बढ़ाने और नेतृत्व देने की अपील की। एसडीएम नहने राम ने छात्राओं को शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर, भाजपा नेत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने भी समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर, प्रेमबाबू गंगवार, बाबूराम गंगवार,, संगठन के प्रान्त प्रमुख शिवांश मिश्रा, जिला विस्तारक प्रदीप चौधरी, प्रद्युम्न गंगवार, पुष्पेन्द्र गंगवार, योगेश गंगवार, मोहित मिश्रा, मनोज शर्मा, अविनाश मिश्रा, हिमांशु पाण्डेय, आकाश कश्यप, विभाग संगठन मंत्री नितिन माहेश्वरी आदि मौजूद रहे। संचालन नगर सहमंत्री आरुषि गंगवार ने किया।

### दुकान में तोड़फोड़ कर नकदी ले जाने का आरोप

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी फहीम और आशिक में पुरानी रंजिश चल रही है। सोमवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चले। इसमें एक ने दूसरे पक्ष पर दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर 40 हजार रुपये निकाल ले जाने का आरोप लगाया है। मारपीट में आकिब फहीम, जावेद, अनीश और आशिक घायल हो गए।

### शराब के लिए पैसा न देने पर सफाईकर्मी को पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शराब पीने के लिए पैसा न देने पर युवक ने सफाईकर्मी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। ग्राम रुकुमपुर निवासी बिजेंद्र वाल्मीकि ब्लॉक में सफाईकर्मी हैं। उन्होंने बाइक फाइनेंस पर खरीदी थी। वह गांव माधौपुर में मिनी बैंक पर शाम किस्त जमा करने जा रहे थे। रास्ते में दूसरे समुदाय के युवक ने उन्हें रोककर शराब पीने को पैसे मांगे। माना करने पर उसने साथियों को बुलाकर हाथापाई की। तमंचे के बल पर उनसे किस्त के रुपये छीनने की कोशिश की। उन्होंने मामले में तहरीर दी है।

# बंजर जमीन में दर्ज करा लिया नाम मामला खुला तो अफसर जागे

**आंवला, अमृत विचार :** तहसील में साठगांठ के चलते एक व्यक्ति ने बंजर जमीन में अपना नाम दर्ज करा लिया। संबंधित क्षेत्र के लेखपाल का तबादला हुआ तो भेद खुला। जब अधिकारियों को पता चला तो आननफानन में खतौनी संशोधित कराई गई। मामले में तत्कालीन लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं, जिस व्यक्ति का बंजर भूमि में नाम अंकित था, वह लेखपाल को नजदीकी बताया जा रहा है। हालांकि, इस बात पर अफसर खामोश हैं।

दरअसल, सितंबर में तहसील के गांव फतेहगंज में रियल टाइम खतौनी कोअपडेट किया जा रहा था। 20 सितंबर को गांव के एक व्यक्ति ने अपना नाम बंजर जमीन की खतौनी में दर्ज करा लिया। किसी कारण से बंजर भूमि की श्रेणी परिवर्तित नहीं हुई। इसलिए मामला खुला गया। इससे तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। हल्का लेखपाल पिंकी सक्सेना ने बताया कि खतौनी देखने पर उन्हें बंजर भूमि में एक व्यक्ति का नाम दर्ज होने की जानकारी हुई। उन्होंने मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी। बताया कि नाम कैसे दर्ज हुआ, उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, खतौनी संशोधित करा दी गई है। वहीं, तत्कालीन लेखपाल सौम्या गुप्ता ने बताया कि खतौनी में त्रुटि रीयल टाइम खतौनी के अपडेशन के समय हुई है।

फतेहगंज गांव का चार्ज उनके पास था, मगर तबीयत खराब होने के कारण वह उस समय अस्पताल में थीं। इसलिए नाम कैसे दर्ज हो गया। इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। मगर सवाल है कि अगर आर्परेटर के स्तर से गलती होती तो कैसे लेखपाल के नजदीकी का नाम, उसके पिता और पता कैसे सही अंकित हो जाता। फिलहाल, मामला संज्ञान में आते ही अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों की जमकर फटकार लगाई है।

- एक लेखपाल का करीबी बताया जा रहा है आरोपी
- एसडीएम ने तत्कालीन लेखपाल को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

"खतौनी में त्रुटि होने के समय गांव में तैनात लेखपाल सौम्या गुप्ता को प्रतिकूल प्रवृष्टि दी गयी है। खतौनी में संसोधन करवाकर ठीक करा दिया गया है। –गोविंद मौर्य एसडीएम आंवला

## ट्रक चालक-मालिक पर घायल का इलाज न कराने का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** हादसे में महिला के घालय होने के मामले में पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर ट्रक चालक और मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि चालक और मालिक ने इलाज का खर्च उठाने का वादा किया था मगर बाद में मुकर गए।

गांव अरसियाबोझ निवासी हरचरन लाल के अनुसार 21 दिसंबर को पत्नी विद्या देवी, भांजे प्रदीप कुमार के साथ बाइक से जा रहे थे। सकरस रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी घायल हो गई। ट्रक चालक महेश दिवाकर निवासी गांव नजर गंज अस्पताल पहुंचे और इलाज का खर्च उठाने की बात कहकर 15 हजार रुपये दिए। हालत में सुधार न होने पर पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच ट्रक मालिक से इलाज के लिए कई बार रुपये देने को कहा मगर वह टालमटोल करता रहा।

### अंधेरे में डूबा लालफाटक पुल



कैंट क्षेत्र में लालफाटक ओवरब्रिज एक बार फिर अंधेरे में डूब गया। दो दिन पहले तकनीकी कारणों से यहां लगी स्ट्रीट लाइटें बंद हो गईं, जो अब तक ठीक नहीं हो पाई हैं। रात में पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ● अमृत विचार

### खेल मैदान की भूमि पर गोशाला के निर्माण का प्रस्ताव भेजने का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भुता, अमृत विचार :** ग्राम मनकापुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर खेल के मैदान पर गोशाला के निर्माण का प्रस्ताव भेजने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गोशाला निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सिमरा बहोर नगला में पर्याप्त जगह है। चेतावनी दी कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। संतोष कुमार, प्रेमपाल, वेदपाल, गुड्डू यादव, रामनिवास, कड़ेराम, बृजराज मौजूद रहे।

### बॉयलर में खराबी से सेमीखेड़ा मिल में फिर पेराई ठप

**देवरनियां, अमृत विचार :** बॉयलर में खराबी से एक बार फिर किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में पेराई ठप हो गई। इसपर किसानों ने नाराजगी जताई। सोमवार दोपहर मिल के बॉयलर नंबर दो में खराबी आ गई। इस वजह से पेराई बंद करनी पड़ी। हालांकि मिल प्रबंधन का दावा है कि मिल धीमी गति से चल रही है। मिल में फाल्ट के वजह से यार्ड में गन्ना तौल को रोक दिया गया है। मिल प्रबंधन की तरफ से इस बाबत किसानों को गन्ना तौल की सभी शिफ्टें बंद होने और गन्ना लाने की सूचना अलग से देने की सूचना दी गयी। गन्ना तौल शिफ्ट बंद होने से किसानों में आक्रोश है।

### गन्ने का भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल ने अब तक मात्र दो सप्ताह का ही गन्ना भुगतान किया है, जबकि मिल चलते तीन माह हो चुके हैं। भुगतान को लेकर गन्ना किसान परेशान हैं। अब तक 18 नवम्बर तक का भुगतान भेजा गया है। मिल के महाप्रबंधक बीएन मिश्रा ने बताया कि बाजार में चीनी के भाव गिरने के कारण ही भुगतान करने में देरी हो रही है। वहीं मिल की लिमिट न होना भी इसमें आड़े आ रहा है। बताया कि फिर भी हम चीन बेचकर किसानों का भुगतान करने का प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही आगे का भुगतान भी किया जाएगा। वहीं, कोल्हुओं पर गन्ने का मूल्य अधिक होने के कारण आए दिन मिल को नो केन से जूझना पड़ रहा है।

## घायल की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**कैंट, अमृत विचार :** बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक की फरियाद पुलिस नहीं सुन रही है। मामले में तहरीर देने के बाद भी आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। पीड़ित ने मंगलवार को एसएसपी से मामले की शिकायत करने की बात कही है। गांव पालपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह 22 जनवरी को शाम करीब 7:30 बजे कमालपुर से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कमालपुर निवासी युवक ने बाइक से उन्हें टक्कर मार दी। इससे उनके पैर की अंगुली टूट गईं। आरोप है कि परिजनों के साथ वह शिकायत करने आरोपी के घर गए तो अभद्रता की गई। मामले में 24 जनवरी थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# खेतों में भरा नाले का पानी, फसलें बर्बाद

**आंवला, अमृत विचार :** खेतों में नाले का पानी भरने से तीन सौ बीघा गेहूं और सरसों की फसल डूब गई। इससे गुस्साए किसानों ने सोमवार को तहसील में प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि समस्या का स्थाई समाधान किया जाए, ताकि फिर नाले का पानी खेतों में न जा सके। मामले में किसानों ने एसडीएम गोविंद मौर्य को ज्ञापन सौंपा है।

गांव आसपुर निवासी किसानों ने बताया कि उनके खेत बदायूं रोड पर सड़क किनारे हैं। कस्बे से निकलने वाले नाले का पानी कच्चे रास्ते से होकर निकलता है। बदायूं रोड के एलपीएस कॉलेज के सामने पानी को बंद कर दिया गया है। जिस कारण उनके खेतों में नाले का पानी भर गया है। करीब तीन सौ बीघा गेहूं और सरसों की फसल डूब गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। किसानों ने समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है। इस मौके पर अमर सिंह, तेजपाल, आदित्य कुमार, मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, दीपू, रुपराम, राजेन्द्र सिंह, राजेश, ओमपाल आदि किसान मौजूद रहे।



फसलों में नाले का पानी भरने पर तहसील में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

- परेशान किसानों ने तहसील में किया प्रदर्शन, पानी का निकास बंद करने से आई समस्या

यथोशिचत्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

# यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट



डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

## प्रसंगवश

# देर से किया कम दुरुस्त निर्णय



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

# आरक्षण समानता की गारंटी नहीं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# निरंतर क्रिया है पलटना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

# हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं



देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

## व्यंग्य

# वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

## एक नजर

### अंतरधार्मिक जोड़े को परेशान करने में तीन लोग गिरफ्तार

**मंगलुरु।** कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु के बाहरी इलाके के पनाम्बुर समुद्र तट पर एक अंतर-धार्मिक जोड़े को परेशान करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को समुद्र तट पर घूम रहे जोड़े को तीन लोगों ने रोका, जिन्होंने उनके अलग-अलग धर्म के होने के कारण उनसे सवाल पूछा कि वे एक साथ क्यों हैं। पुलिस के अनुसार, महिला ने तुरंत इलाके में गश्त कर रहे एक पुलिस दस्ते को सूचना दी। इसके बाद आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

### पुजारी की लाठी से पीटकर हत्या, आरोपी हिरासत में

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले के पादूकलां थाना क्षेत्र में रविवार रात एक आश्रम में पुजारी की लाठी से वार करके हत्या कर दी गई। थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि राघुरगिरी मंदिर के पुजारी छोटूपुरी (53) की गांव के ही एक व्यक्ति ने लाठी से हमला करके हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी रामप्रसाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

### संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई सोमवार को पांच मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद मामले को स्थगित कर दिया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिंह की नियमित जमानत याचिका पर आदेश 31 जनवरी को सुरक्षित रख लिया था।

# रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा साहसी कार्य : भागवत

## आएसएस प्रमुख पुणे के गीता भक्ति अमृत महोत्सव में हुए शामिल

**पुणे, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को एक साहसी कार्य बताया, जो ईश्वर के आशीर्वाद और इच्छा से हुआ है। महाराष्ट्र के पुणे जिले के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में भागवत ने सोमवार को यह भी कहा कि भारत को अपने कर्तव्य के लिए खड़ा होना होगा और यदि किसी भी कारण से वह समर्थ (सक्षम) नहीं बन पाया, तो दुनिया को बहुत जल्द विनाश का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि रामलला का आगमन 22 जनवरी को हुआ और यह काफी संघर्ष के बाद एक साहसी काम था। उन्होंने कहा, वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसने रामलला को उनके स्थान पर देखा है। यह वास्तव में, सिर्फ इसलिए नहीं हुआ कि

**▸▸ कहा, वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसने रामलला को उनके स्थान पर देखा**



सभी ने इसके लिए काम किया, बल्कि इसलिए कि हम सभी ने कुछ अच्छे काम किए और इसीलिए भगवान ने (हम पर) अपनी कृपा बरसाई। यह भगवान की इच्छा है। उन्होंने कहा कि रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा उनकी (भगवान की) इच्छा पूरी होने में शुरुआती बिंदु है।

भागवत ने यह भी कहा कि समारोह के दौरान गोविंद देव गिरिजी (श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष) के साथ उपस्थित रहना उनका सौभाग्य है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कारण से भारत ऊपर नहीं उठ पाया तो दुनिया को जल्द ही विनाश का सामना करना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति बनी हुई है। दुनिया भर के बुद्धिजीवी इस बात को जानते हैं। वे इस पर कह और लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष को ज्ञान प्रदान करने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि दुनिया को इसकी जरूरत है।

### भारत का मूल शाश्वत

भागवत ने कहा कि भारत शाश्वत है क्योंकि इसका मूल शाश्वत है। भारत को विश्व को मृत्यु से बचाना है और इसे (विश्व को) शाश्वत बनाना है। अखंड भारत अविश्वास और कट्टरता की दीवारों को तोड़ देगा और विश्व को एक बार फिर खुशहाल स्थान बनाएगा, जो हमारा कर्तव्य है और भारत द्वारा ऐसा करना पहले से निर्धारित है।

# बीआरएस नेता को ईडी के समक्ष पेशी से राहत रहेगी जारी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेशी से राहत जारी रहेगी, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका सोमवार को 16 फरवरी तक टाल दी। कविता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है, जिसके बाद न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने इसे टाल दिया। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने न्यायालय से कहा कि कविता समन से बच रही हैं और एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रही हैं। सिब्बल ने फिर कहा कि एएसजी ने पिछले साल सितंबर में पीठ को आश्वासन दिया था कि एजेंसी लोकसभा सदस्य कविता को तब तक पूछताछ के लिए नहीं बुलाएगी, जब तक कि अदालत समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेती।

# लाक्षागृह को दरगाह व कब्रिस्तान बताने वाली याचिका खारिज

**▸▸ बागपत की अदालत ने 54 वर्ष पुराने मामले में सुनाया फैसला**

**बागपत (उप्र), एजेंसी**

बागपत की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को जिले के ऐतिहासिक टीला महाभारत के लाक्षागृह को शेख बदरुद्दीन की दरगाह व कब्रिस्तान बताने वाली मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर करीब 54 वर्ष पुरानी याचिका को खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता रणवीर सिंह तोमर ने बताया कि बागपत के जिला एवं सत्र न्यायालय के सिविल जज जूनियर डिवीजन (प्रथम) शिवम द्विवेदी ने याचिका खारिज कर दी।

तोमर ने बताया कि अदालत ने फैसले में कहा कि बरनावा के टीले पर सिर्फ लाक्षागृह ही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि मुस्लिम पक्ष लाक्षागृह की 100 बीघे जमीन को कब्रिस्तान और दरगाह बताकर उस पर कब्जा करना चाहता है।

तोमर ने बताया कि बरनावा के रहने वाले मुकीम खान ने वर्ष 1970 में वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी की हैसियत से मेरठ की सरधना की अदालत में दायर किए वाद में लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज को प्रतिवादी बनाते हुए दावा किया था कि बरनावा स्थित लाक्षागृह टीले पर शेख बदरुद्दीन की मजार और एक कब्रिस्तान है ।

वादी की ओर से अधिवक्ता शाहिद खान पैरवी कर रहे थे। मेरठ के बाद यह मामला बागपत की अदालत में चल रहा था। वहीं, प्रतिवादी की ओर से दावा किया गया कि यह महाभारत काल का लाक्षागृह है। मामले से संबंधित मुकीम खान और कृष्णदत्त महाराज का निधन हो चुका है।

### लाक्षागृह टीले पर भारी पुलिस फोर्स तैनात

बरनावा में कृष्णा व हिंडन नदी के संगम पर स्थित महाभारतकालीन ऐतिहासिक टीला लाक्षागृह को शेख बदरुद्दीन की दरगाह व कब्रिस्तान बताने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका सोमवार को कोर्ट से खारिज कर दिए जाने पर शांति व्यवस्था व सुरक्षा के मद्देनजर टीले पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्वाचन आयोग को नोटिस

**मतदाता सूची में डुप्लिकेट प्रविष्टियों का मामला**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मतदाता सूची में 'डुप्लिकेट प्रविष्टियों' का मुद्दा उठाने वाली एक याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीओ 'संविधान बचाओ ट्रस्ट' द्वारा दायर याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि मतदाता सूची केवल उन व्यक्तियों के संबंध में अद्यतन की जाती है, जिनकी मृत्यु हो गई है या जिन्होंने अपना निवास स्थान बदल लिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नामों के दोहराव को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। इस पर पीठ ने आयोग को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# भारत की सीमा सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं : अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहती है, लेकिन वह भारत की सीमा और अपने लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी। शाह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार ने अपने दस साल के शासनकाल में आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पा लिया है।

उन्होंने यहां सिक्योरिटी बियॉन्ड

**▸▸ गृहमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में पिछली सरकारों पर लगाए तुष्टीकरण के आरोप**



टुमॉरोः फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर विषय पर एक संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि हमारी बाह्य एवं आंतरिक नीति स्पष्ट है। हम अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। लेकिन देश की सीमा और लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

शाह ने कहा कि अन्य देशों ने सरकार की इस नीति का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण की नीति के कारण आंतरिक सुरक्षा संबंधी कई समस्याएं पैदा कीं। शाह ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण तीन क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों में पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण स्थिति खराब हुई थी।

# रेलवे में फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पश्चिम रेलवे की सतर्कता टीम ने फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दो फरवरी को टीम ने एक फर्जी रैकेट का भंडाफोड़ किया जिसने 300 से अधिक उम्मीदवारों से लगभग 21 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। टीम पिछले तीन महीने से इस फर्जी रैकेट का पर्दाफाश करने में जुटी थी।

उन्होंने बताया कि एक बाहरी व्यक्ति और दो प्रॉक्सी उम्मीदवारों की मदद से आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया गया जिसमें गूगल पे के माध्यम से आरोपी को 20,000 रुपये ट्रांसफर किए गए। शेष किस्त के भुगतान के लिए मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर आरोपी से मिलने की योजना बनाई गई। अंततः उसे दो फरवरी को अपराह्न दो बजे के करीब मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पोर्च से पकड़ लिया गया।

जांच करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि उसने प्रति अभ्यर्थी नौ-दस लाख रुपये वसूल किए थे। वह कोलकाता के एक व्यक्ति की मदद से फर्जी दस्तावेज बना रहा था।

# केंद्र ने राज्यों को दिया आंतकी संगठन सिमी पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना**

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा।

**सम्मन मुद्दालय**
**व अदालत सिविल जज (जू.डि.)**
**त्वरित न्यायालय, बरेली**
वाद सं. 31 सन् 2023
वलविन्दर सिंह बनाम निवारण सेवा समिति आदि
बनाम
1. निवारण सेवा समिति ग्राम तल्ली हल्द्वानी डाक इन्डस्ट्रीयल स्टेट पुरानी आई.टी.आई. हल्द्वानी जिला नैनीताल द्वारा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा। 2. अनिल कुमार मिश्रा व्यस्क पुत्र श्री रामाशंकर मिश्रा निवासी आनन्द लोक कालोनी देवालचोर हल्द्वानी जिला नैनीताल
चूंकि मुसम्मी बलविन्द सिंह ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निरस्तीकरण बैनामा व स्थायी निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 07.02.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 12.01.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
जज

# देश ने जाना भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही: प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**▸▸ कांग्रेस नेता चंडीगढ़ महापौर चुनाव को लेकर न्यायालय की टिप्पणी के बाद हुईं हमलावर**



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मामले में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से पता चलता है कि लोकतंत्र की हत्या की गई और जनता ही इसका उचित जवाब देगी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का मखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए।

आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी का हवाला देते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से पता चलता है कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में किस तरह लोकतंत्र की हत्या की गई।

# टीएमसी नेता आध्या ने विदेशी बैंक खातों में पैसा भेजा : ईडी

**कोलकाता, एजेंसी**

**▸▸ करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में जनवरी में प्रवर्तन निदेशायलय ने किया था गिरफ्तार**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या ने दुबई स्थित एक कंपनी के खाते में धन भेजा।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष आध्या की भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल इलाके में विदेशी मुद्रा विनियम की एक कंपनी है और उनके रिश्तेदार भी ऐसी करीब 90 कंपनियों का संचालन करते हैं, जिनका इस्तेमाल देश से बाहर पैसे भेजने में किया जाता है।

टीएमसी नेता ने दुबई में एक कंपनी खोली, जिसे अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार घोटाले के एक अन्य आरोपी बाकीबर रहमान की मदद से अपने बेटे के नाम पंजीकृत कराया। उन्होंने कहा कि आध्या दुबई स्थित कंपनी के खाते में मोटी रकम भेजने में शामिल रहे हैं।

**कार्यालय प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत**
पत्रांक : ए.एस.एम.सी./विज्ञप्ति/2023-2024/4567 दिनांक : 02.02.2024
**विज्ञप्ति**
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पीलीभीत के विभिन्न विभागों में सहायक-आचार्य, सह-आचार्य, आचार्य व सीनियर रेजीडेन्ट एवं जूनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से भरे जाने है, जिसकी विस्तृत सूचना एवं रिक्त पदों का विवरण स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पीलीभीत की वेबसाइट www.asmcpilibhit.com एवं मेडिकल कॉलेज के सूचना पट पर देखी जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं एवं किसी भी कार्य दिवस पर साक्षात्कार कर सकते हैं।
**प्रधानाचार्य**
**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय**
**पीलीभीत**

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, शाहजहाँपुर**
पत्रांक : 1981/नीलामी सूचना/2023-24 दिनांक : 05 फरवरी 2024
**संशोधित नीलामी सूचना**
एतद्द्वारा फल बहार नीलामी लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राजकीय उद्यान पौधशाला पुवायाँ में स्थित आम 263 एवं नाशपाती 26 पेड़ों के फल बहार की नीलामी तिथि 01.02.2024 को सम्पन्नित नीलामी में अधिकतम बोली न्यून होने के फलस्वरूप निरस्त करते हुए तिथि 12.02.2024 को प्रात: 11:30 बजे से 01:00 बजे तक स्थान कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, भूतल, विकास भवन, शाहजहाँपुर में खुली बोली के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय तथा प्रभारी राजकीय उद्यान पौधशाला, पुवायाँ के कार्यालय में फल बहार नीलामी सम्बन्धी शर्तो आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
**जिला उद्यान अधिकारी**
**शाहजहाँपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगराजपुर विकास खंड भदपुरा, बरेली**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जगराजपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बाबू गिरि के घर से विनोद गिरि के घर तक सी.सी. निर्माण | सरिया, सीमेंट, ईट, बजरी, रोड़ा, बजरफुट आदि | 2,91,300 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदा दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 03 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
**ओमशीला गंगवार** **उत्तम कुमार**
**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझिला वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**रोहित सिंह** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गैली वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**महबूब हुसैन** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कन्धरापुर वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**निशा सिंह** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खिरिया वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**सीमा वर्मा** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरगांव वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**तेजराम** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुधा वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 16.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
**बेबी देवी** **अशोक गंगवार**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

# पीलीभीत की सरकारी गोशाला में आहार की कमी से मरे पांच गोवंश

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोवंशों की मौत कमजोरी से होने की पुष्टि हुई

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार :** खाईखेड़ा गोशाला में मरे पांच गोवंश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने अधिकारियों की भी लापरवाही उजागर की है। अधिकारी कह रहे हैं कि गोशाला में भूसा-चोकर रखा है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोवंशों की मौत पौष्टिक आहार की कमी से होना दर्शाया गया है। इससे गोवंशों को पौष्टिक आहार नहीं देने का खुलासा हुआ है।

मामले में सचिव को निलंबित करने के बाद ग्राम प्रधान को नोटिस जारी की गई है। मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा के गोआश्रय स्थल में गोवंशों की मौत हो गई। सूचना पर सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, सीवीओ डॉ.अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में लापरवाही पर ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा को निलंबित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोवंशों की मौत कमजोरी से होना बताई गई। जिले के अधिकारियों का कहना है कि गो आश्रय स्थल में पर्याप्त भूसा और चोकर है। हरे चारे को लेकर लापरवाही सामने आई है। ग्राम प्रधान की लापरवाही भी सामने आई है।

### सर्दी लगने से ही फैला संक्रमण, तभी गोवंश मरते गए

**कासगंज, अमृत विचार :** गंजडुंडवारा के गांव रायो में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई सरकारी गोशाला की हालत दयनीय है, इस बात को जिम्मेदार स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जबकि कमियां छिपाने के लिए अनियमितताओं पर पर्दा डाल रहे हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से गोशाला में सर्दी से बचाव के इंतजाम नहीं होने पर गोवंशों में संक्रमण फैला। यही संक्रमण उनकी जान का दुश्मन बन गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गोवंशों की निमोनिया से मौत होने की पुष्टि हुई है। इसका सीधा मतलब कि ठंड से बचाव के इंतजाम नहीं करने की वजह से गोवंशों को सर्दी लगी और उन्हें निमोनिया ने अपनी चपेट में ले लिया। 12 की मौत के बाद बड़ी संख्या में अभी भी गोवंश बीमार हैं। बीमार गोवंशों की जांच के लिए टीम बनाई है। गांव रायो में वृहद गो संरक्षण केंद्र में रविवार को 12 गोवंश की मौत हो गई।

## स्कूल बस की चपेट में आकर दो साल के बच्चे की गई जान

**बिजनौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिरियावाली में स्कूल बस की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मोहल्ले की महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है।

गांव सिरियावाली निवासी प्रदीप कुमार का दो वर्षीय पुत्र तनुज घर के बाहर खेल रहा था। बताया जाता है कि स्कूल की बस बच्चों को लेने के लिए आ रही थी। इस दौरान तनुज बस की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल व सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। परिजनों ने मोहल्ले की ही एक महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है।

## पिता ने बुने थे पुलिस में भर्ती कराने के सपने, बेटे ने जिंदगी खत्म कर ली

संवाददाता, तिलहर

**इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम**

**अमृत विचार:** एक पिता ने अपने इकलौते बेटे को पुलिस में भर्ती कराने के सपने बुने थे। बेटे को निजी एकेडमी में दाखिला दिलाकर पुलिस भर्ती की कोचिंग शुरू कराई लेकिन सोमवार की शाम बेटे ने पिता के सपनों के साथ जिंदगी ही खत्म कर ली। उसने एकेडमी में सल्फास की गोलियां खा लीं। एकेडमी के ग्राउंड में बेहोशी की हालत में मिलने पर कोच ने सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में गंभीर हालत में परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया।

गांव पिथनापुर निवासी देवेंद्र यादव का इकलौता बेटा मोनू यादव (20) नगर की निजी एकेडमी में पुलिस भर्ती के लिए कोचिंग कर रहा था। सोमवार दोपहर बाद करीब 2 बजे अचानक मोनू क्लास रूम से ग्राउंड में चला गया। जहां उसने कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया और वहीं मैदान में गिर गया। वहां मैच खेल रहे बच्चों ने उसे मैदान में पड़ा देखा तो कोचिंग के क्लास रूम में शिक्षक और उसके साथियों को खबर दी। इससे एकेडमी में हड़कंप मच गया। सभी लोग मौके पर पहुंच गए। उसकी हालत को गंभीर देखते हुए आनन-फानन में कोच ने मोनू को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे नगर के निजी अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टरों ने जवाब दे दिया।

## सार-संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा : डॉ.संजय निषाद



**लखनऊ, अमृत विचार :** निषाद पार्टी सुप्रीमो व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सोमवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेट कर अपने सुपुत्र व चौरीचौरा से विधायक सरवन निषाद के विवाह का निमंत्रण पत्र देकर समारोह में आमंत्रित किया है। साथ ही केन्द्रीय बजट में मछुआ समुदाय के लिए ढाई हज़ार करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए आभार जताया। भेंट करने बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। उप्र. में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा का लाभ सीधे तौर पर ग़रीब मछुआ कल्याण के लिए लाभदायक हो रहा है। इस अवसर पर उनके साथ सांसद संतकबीरनगर, प्रवीण निषाद मौजूद रहे।

### आईआईटी कानपुर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



**कानपुर, अमृत विचार :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां देश की पहली हाइपरवेलोसिटी एक्सपेंशन टनल टेस्ट सुविधा का सफल परीक्षण किया गया है। इसे एसटू नाम दिया गया है। इसी के साथ भारत भी उन्नत हाइपरसोनिक परीक्षण क्षमता वाले देशों की सूची में शामिल हो गया है। एसटू नामक सुविधा, वाहनों के वायुमंडलीय प्रवेश, क्षुद्रग्रह प्रवेश, स्क्रैमजेट उड़ानों और बैलिस्टिक मिसाइलों के दौरान आने वाली हाइपरसोनिक स्थितियों के बीच 3–10 किमी/सेकेंड के बीच उड़ान गति में सक्षम है। यह गगनयान, आरएलवी और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित इसरो व डीआरडीओ के चल रहे मिशनों के लिए महत्वपूर्ण परीक्षण सुविधा है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. एस गणेश ने बताया कि ये आईआईटी और भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### पत्रकारों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह देने की मांग उठी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में नियम 115 के तहत सपा के आशुतोश सिन्हा ने पत्रकारों की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि भ्रष्टाचार व अराजक तत्वों के खिलाफ खबरें लिखने वाले पत्रकारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होती है। इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू किया जाए, साथ ही 20 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाए। इसके अलावा नए पत्रकारों को 10 हजार और वरिष्ठ पत्रकारों को 25 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता दिया जाए। इतना ही नहीं, अन्य योजना एवं आवास विकास व विकास प्राधिकरण की योजनाओं में नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर लाभान्वित किया जाए।

### खोदी जा रही जमीन धंसी, दो मजदूर दबे

**नैनी, अमृत विचार :** मेजा में सड़क किनारे खोदी जा रही जमीन अचानक धंस गई। इससे वहां काम कर रहे दो मजदूर मिट्टी में दब गए। घटना से वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन में दोनों मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेजा के पकरी गंगा घाट से जल जीवन मिशन के तहत कोहड़ार घाट जा रही पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। सोमवार दोपहर सड़क किनारे खुदाई चल रहा था। उसी दौरान अचानक जमीन धंस गई।

## एयरपोर्ट पर डीएम की पत्नी का बैग गायब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दिल्ली से हैदराबाद जाते समय हुई घटना, बैग में थे आभूषण समेत 15 लाख रुपये के कीमती सामान**

**अमृत विचार :** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से हैदराबाद जाते समय जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की पत्नी मंजू सिंह का बैग गायब हो गया। इसमें आभूषण समेत करीब 15 लाख रुपये का कीमती सामान था।

घटना 28 जनवरी की है। बैग के संबंध में पत्राचार का कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने रविवार रात सिविल लाइंस थाने में एयर इंडिया व एयरपोर्ट प्राधिकारी एवं संबंधित कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मंजू सिंह ने संबंधित कर्मियों पर उन्हें गुमराह करने व धोखाधड़ी करके उनका बैग और उसमें रखे जेवर व अन्य कीमती वस्तुओं को गायब करने का आरोप लगाया है। मंजू सिंह का कहना है कि वह 28 जनवरी को सुबह 11.10 बजे के दौरान इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के टर्मिनल-03 से एयर इंडिया की फ्लाइट-एआई-0522 से हैदराबाद जा रही थीं। उन्होंने एयरपोर्ट पर प्रवेश किया तो बाहर खड़े कर्मियों ने उन्हें प्राप्ति रसीद देकर उनसे बैग ले लिया और उसी फ्लाइट के कार्गो से गंतव्य स्थान तक पहुंचा देने का भरोसा दिया। मंजू का कहना है कि कर्मियों ने बैग से कीमती सामान निकालने का मौका नहीं दिया, जल्दबाजी में उनके हाथ से बैग ले लिया। बैग में उनके कीमती जेवरात, नकद रुपये और अन्य सामान थे। इनकी कीमत उन्होंने करीब 15 लाख रुपये बताई है। उन्होंने बताया कि रसीद मिलने से बैग की सुरक्षा को लेकर वह बेफिक्र होकर फ्लाइट में सवार हो गई थीं। वह 1.20 बजे हैदराबाद पहुंची थीं।

## जासूसी करने वाले सत्येंद्र सिवाल को भेजा जेल

**लखनऊ, अमृत विचार :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआईए के लिए जासूसी करने वाले सत्येंद्र सिवाल को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी की अदालत में सोमवार को पेश किया गया। जहां से उसे 7 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी को पुलिस रिमांड पर दिए जाने की मांग वाली अर्जी भी एटीएस की ओर से दाखिल की गई, जिस पर अदालत ने उसे 6 फरवरी के लिए जेल से तलब किया है। आरोपी को अदालत में पेश किए जाने के दौरान विशेष अधिवक्ता एमके सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। अदालत को बताया गया कि आरोपी भारतीय विदेश मंत्रालय में कार्यरत था तथा वह लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को गुप्त सूचनाएं भेज रहा था।

## सपा के 14 सदस्य राम मंदिर के समर्थन में नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सदन में बधाई के प्रस्ताव पर पार्टी के कई विधायकों की 'ना'**

**14 सदस्यों को छोड़कर शेष सदन की सहमति से प्रस्ताव पास**

**अमृत विचार :** विधानसभा में राम मंदिर पर सपा बंटी नजर आई। 14 सदस्य सामने आए जो अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर पर बधाई संदेश के समर्थन में नहीं हैं।

श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया। इस पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा यह प्रश्न किया गया कि जो सदस्य इसके पक्ष में हो अपना हाथ उठाएं।

इसके बाद जहां अधिकांश सदस्यों ने अपने हाथ समर्थन में उठाए, विपक्ष की ओर से नेता बसपा उमाशंकर सिंह ने प्रस्ताव का समर्थन भी किया। सपा के भी अधिकांश सदस्यों ने हाथ खड़े किए। लेकिन कई ऐसे सदस्य भी रहे जिन्होंने मंदिर निर्माण के प्रस्ताव के समर्थन में हाथ खड़े नहीं किए। इनमें मुख्य विपक्षी दल के कुछ सदस्य रहे।

इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जो सदस्य पक्ष में नहीं है, वे 'न' कहें अथवा विरोध प्रदर्शित करें, इस पर विपक्ष के 14 सदस्यों ने अपने हाथ उठाए। विरोध दर्ज कराने में सपा सदस्य लालजी वर्मा, स्वामी ओमवेश, मनोज पारस आदि शामिल थे। 14 सदस्यों को छोड़कर शेष सदन की सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया।

## मदरसा शिक्षकों ने घेरी विधानसभा हुआ हंगामा

**लखनऊ, अमृत विचार :** मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने सोमवार को एकजुट होकर विधानसभा का घेराव किया। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए उन्हें हिरासत में भी लिया गया। हालांकि शिक्षकों के आक्रोश को समाप्त करने का अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने दूर करने का प्रयास भी किया, लेकिन वे सफल न हो सके। पिछले छह वर्षों से मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में कई बार शिक्षकों ने स्थानीय स्तर और राज्य मुख्यालय पर धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन भी दिया। इसके बावजूद समस्या बरकरार रही। इसी को आधार बनाकर मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति ने एकजुट होकर अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी से मुलाकात की।

# उत्तराखंड

## विधानसभा में आज रखा जाएगा यूसीसी का मसौदा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इतिहास रचने की कगार पर हैं। इसके मसौदे को मंगलवार को विधानसभा में पेश करके मंजूर कराया जाएगा और फिर राज्यपाल के हस्ताक्षर होते ही लागू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जो इस कानून को लागू करेगा।

2022 के विधानसभा चुनाव के बाद तत्कालीन सीएम धामी ने पहली बार कहा था कि सत्ता में वापस आते ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया जाएगा। धामी ने सीएम पद की शपथ ली तो सबसे पहले इसी दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया। चार दिन पहले कमेटी ने अपना ड्राफ्ट धामी सरकार को सौंप दिया। धामी सरकार ने तत्काल ही विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं और इस ड्राफ्ट को कैबिनेट से भी मंजूर करवा लिया।

इस बिल को मंजूर कराने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र पांच से आठ फरवरी तक आहूत किया गया है। कल मंगलवार को इस बिल को विधानसभा के पटल पर पेश किया जाएगा। सदन में भाजपा का बहुमत है, लिहाजा सदन से पारित होने में भी कोई दिक्कत नहीं है। सदन से पास होने के बाद इस मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा और उनके हस्ताक्षर होते ही इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा।

इस बिल के लागू होते ही एक इतिहास रच लिया जाएगा। देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, पर उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। असम समेत कुछ अन्य राज्य भी यूसीसी लागू करने की बात करते रहे हैं, पर उन्हें उत्तराखंड के बिल की ही नकल करनी होगी। उधर, इस बिल को लेकर सदन में अगले तीन दिन हंगामेदार रहने के आसार हैं।

### व्यापक चर्चा कर ही पारित करेंगे विधेयक : धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम समान नागरिक संहिता लागू करना एक गुणात्मक कदम है, सारा देश उत्तराखंड की ओर देख रहा है। हमने विधानसभा चुनाव के समय राज्य की जनता से वादा किया था कि सत्ता में आने पर सभी धर्मों के लिए एक समान कानून लागू करेंगे। इस कानून के प्रति किसी भी वर्ग या धर्म के लोगों को किंचित आशंका नहीं रखनी चाहिए। यह कानून सभी के लिए अच्छा साबित होगा। विधेयक सदन में पेश करेंगे। तदुपरांत व्यापक चर्चा के बाद पारित करेंगे।

## पत्नी को पीट-पीटकर अधमरा किया और खुद भी जहर खाकर दे दी जान

संवाददाता, खटीमा

**मारपीट में घायल पत्नी हल्द्वानी के अस्पताल में वेंटीलेटर पर**

**अमृत विचार :** चकरपुर थरूवाट पट्टी के एक व्यक्ति ने सोमवार सुबह पत्नी को पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और खुद जहर खा लिया। घर के बंद दरवाजे को जब पुलिस ने खोला तो देखा कि पति की मौत हो चुकी थी और गंभीर रूप से घायल पत्नी बेहोश थी।

पुलिस ने महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। चकरपुर निवासी नरबहादुर की तबीयत खराब चल रही थी। उन्हें हल्द्वानी ले जाना था। छोटा पुत्र सुनील अपने पिता नरबहादुर और माता को लेकर हल्द्वानी के लिए रविवार रात निकल गया। सोमवार सुबह इन लोगों ने घर पर बड़े बेटे राज बहादुर को कॉल किया तो फोन नहीं उठा। जिस पर उन्होंने एक रिश्तेदार को फोन कर कहा कि जाकर देखें। रिश्तेदार ने जब घर जाकर देखा तो दरवाजा बंद था, आवाज देने पर भी नहीं खुला। रिश्तेदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो राजबहादुर व उसकी पत्नी आशा अलग-अलग जगह पड़े थे। पति राज बहादुर (45) पुत्र नर बहादुर की मौत हो चुकी थी, जबकि पत्नी आशा देवी गंभीर रूप से चोटिल थी और बेहोश पड़ी थी। उसे बुरी तरह पीटा गया था। कमरे से कीटनाशक नुआन की दो खाली शीशी मिली हैं।

## पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश धने भाजपा में हुए शामिल

**देहरादून, अमृत विचार :** पूर्व विधायक व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश धने ने सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों समेत भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पी.के.अग्रवाल भी अपनी पत्नी और पछवा दून की कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी कपरवाण अग्रवाल के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## फरार चल रहे 14 वारंटी गिरफ्तार

**रामनगर, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मुकदमों से संबंधित न्यायालयों से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक दर्जन से अधिक वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रामनगर कोतवाली में विभिन्न अपराधों में पंजीकृत मुकदमों से संबंधित वारंटी अपराधियों के खिलाफ कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के तहत अभियान चलाया गया था।

## झूठी निकली गैंग रेप की कहानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**पुलिस की शुरुआती जांच में ही उतरा लड़की के चेहरे से नकाब**

**अमृत विचार :** अपहरण और गैंग रेप का आरोप लगाने वाली लड़की का झूठ एक रात में फाश हो गया। शुरुआती जांच में ही गैंग रेप की बात को पुलिस ने सिरे से खारिज कर दिया। अब पुलिस लड़की के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। फिलहाल तो आरोपियों पर दर्ज दुष्कर्म की धारा 376 को हटा लिया गया है। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने मुकदमा अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं में तरमीम कर दिया है।

मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय एक लड़की ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि बीती 3 फरवरी को कार सवार चार लड़कों ने कैंसर हॉस्पिटल के पास से उसका अपहरण कर लिया। तीन घंटे तक वह उसे शहर में लेकर घूमते और रेप करते रहे। उसे पीटा और जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि महिला संबंधी अपराध को देखते हुए आनन-फानन में आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। कुछ ही घंटे में कार और चारों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ लालकुआं संगीता को मामले की जांच सौंपी गई।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप खण्ड, हल्द्वानी

पत्रांक : 30/सहा.अभि.द्वि./अल्पकालीन निविदा/2023-2024 दिनांक : 31-01-2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 24/सहा० अभि० द्वि०/2023-24 31.01.2024

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमन्त्रित निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदायें पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी तथा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.02.2024 को सांय 04.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित) जमाकर, इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो अलग-अलग लिफाफों में रखी जायेगी, जिसमें प्रथम लिफाफे में तकनीकी बिड व धरोहर धनराशि तथा दूसरे लिफाफे में वित्तीय बिड होगी। दोनों लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में सील बंद कर निविदा, निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी बिड खोली जायेगी जिसमें सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में दिनांक 12.02.2024 को देय निविदा संख्या अंकित किया जाना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचतपत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ०डी०आर०, टी०डी०आर० एवं सी०डी०आर० के रूप में, जोकि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जमानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। कार्य की मात्रा अनुबन्ध के समय घटाई-बढ़ाई जा सकती है, जिस हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रु० 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू० 1.00 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

| जॉब सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST अतिरिक्त (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस | कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाबार्ड आर०आई०डी०एफ० XXIX में प्रेषित योजना हेतु नलकूप खण्ड, हल्द्वानी के बरेली रोड अनुभाग, द्वितीय उपखण्ड के नलकूप संख्या 206 एच०जी०, फत्ताबगर पर 200 के०वी०ए० सर्वो वोल्टेज स्टैबलाइजर, लीनियर टाइप (रोलिंग कॉन्टेक्ट) की स्थापना मय स्टैबलाइजर कक्ष निर्माण कार्य। | 01 नग | 25400.00 | 1000+18% GST | 90 दिवस | श्रेणी "सी" या उच्चतर |
| 2 | नाबार्ड आर०आई०डी०एफ० XXIX में प्रेषित योजना हेतु नलकूप खण्ड, हल्द्वानी के बरेली रोड अनुभाग, द्वितीय उपखण्ड के नलकूप संख्या-224 एच०जी०, भवानीसिंह नवाड़ पर 100 के०वी०ए० सर्वो वोल्टेज स्टैबलाइजर, लीनियर टाइप (रोलिंग कॉन्टेक्ट) की स्थापना मय स्टैबलाइजर कक्ष निर्माण कार्य। | 01 नग | 22400.00 | 1000+18% GST | 90 दिवस | श्रेणी "सी" या उच्चतर |
| 3 | नाबार्ड आर०आई०डी०एफ० XXIX में प्रेषित योजना हेतु नलकूप खण्ड, हल्द्वानी के बरेली रोड अनुभाग, द्वितीय उपखण्ड के नलकूप संख्या 242 एच०जी०, बच्चीपुर पर 100 के०वी०ए० सर्वो वोल्टेज स्टैबलाइजर, लीनियर टाइप (रोलिंग कॉन्टेक्ट) की स्थापना मय स्टैबलाइजर कक्ष निर्माण कार्य। | 01 नग | 22400.00 | 1000+18% GST | 90 दिवस | श्रेणी "सी" या उच्चतर |

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप खण्ड हल्द्वानी

### राममंदिर : दानपत्रों में आए रुपयों की हुई गिनती, सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी मिले

# 14 दिनों में 25 लाख भक्तों ने किए दर्शन, आया करोड़ों का दान

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 14 दिनों में 25 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर 11 करोड़ रुपये से अधिक दान किया है। इसके अलावा दानपात्रों में एक करोड़ रुपये से अधिक नकद चढ़ावा मिला है।

भक्तों ने सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी चढ़ाएं हैं। चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। विदेशों से भी भक्त ट्रस्ट के खाते में दान कर रहे हैं। चढ़ावा राशि की काउंटिंग टीम के सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के संरक्षण में ट्रस्ट के प्रतिनिधि गोपालजी, परिसर प्रभारी राम शंकर, कैश प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और स्टेटबैंक के 15 कर्मचारियों की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में राममंदिर में 'बालक राम' के सामने रखे छह दान पात्रों में चढ़ावे की धनराशि की गिनती शनिवार रात शयन आरती के बाद शुरू की गई। जो रविवार सुबह करीब चार बजे तक चली। गणना में एक करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि दानपात्रों में नकद मिली। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोने-चांदी और अन्य धातुओं के जेवर भी मिले। चढ़ावा राशि और भेंट के सामान को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है। भारी भीड़ के चलते प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से इन बड़े आकार के दानपात्रों को दान की राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था।



**प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 को सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

– ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो पांच लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिन्होंने देर रात तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद 26 जनवरी को 3.50 लाख और 28 जानवरी को 3.25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद औसतन दो लाख रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

**▸▸ एक करोड़ से ज्यादा नकद मिले चेक और ऑनलाइन से भी मिले करीब 3.50 करोड़**

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। भव्य मंदिर के गर्भगृह में जहां बालक राम विराजमान हैं, उनके सामने दर्शन मार्ग के पास रखे दानपात्रों में श्रद्धालु सीधे चढ़ावा राशि प्रभु श्रीराम को अर्पित कर रहे हैं। साथ ही 10 कंप्यूटराइज्ड काउंटर पर भी लोग दान की राशि जमा करते हैं। दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने पर मिली दान राशि का लेखा-जोखा ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर देते हैं। इन काउंटरों पर भी 11 करोड़ रुपये से अधिक का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।

# इटावा में शादी के लिए वकील ने रची साजिश, 5 लोग गिरफ्तार

### अपने से 30 साल छोटी प्रेमिका से चौथा विवाह रचाने की तैयारी

एजेंसी

**इटावा :** अपने से तीस साल छोटी प्रेमिका से चौथा विवाह रचाने के लिये एक वकील ने खतरनाक साजिश रची मगर पुलिस ने साजिशकर्ता वकील और उसकी माशूका समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के अनुसार मामला इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना इलाके का है. दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक लावारिस शव दो जनवरी को बरामद किया गया था।

चार जनवरी को वकील हेतराम मित्तल (50) दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे और शव की पहचान इटावा के रहने वाले अतुल कुमार के रूप में की। पुलिस की जांच में पता चला कि शव की पहचान वकील के तय किए हुए लोगों ने की। इसमें कथित रूप से मृतक के पिता दीनदयाल और अभि कुमार अतुल को अपना परिजन बताकर शव ले गए। 7 जनवरी को औरैया जिले के धर्मवीर राजपूत ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया. इसमें 2 जनवरी को मिले शव को अपना भाई सत्यवीर बताया और कहा कि वह मानसिक रूप से कमजोर था। उसकी रेलगाड़ी की चपेट में आने की वजह से मौत हो गई थी। प्रार्थना पत्र से पुलिस सकते में आ गई और शव को ले जाने वाले दीनदयाल और अभि कुमार की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद वकील हेतराम मित्तल को गिरफ्तार कर लिया गया। वकील ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी से परेशान था और 20 साल की प्रेमिका से शादी करना चाहता था।

लड़की के पिता ने वकील के खिलाफ साल 2022 में बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया था। मुकदमे से बचने के लिए वकील ने गर्लफ्रेंड की शादी कागजों में अतुल कुमार से करा दी, फिर अनजान शव को अतुल कुमार बताकर उसका अंतिम संस्कार कराया। इसके बाद प्रेमिका के पिता और मां को अतुल की हत्या के आरोप में फंसाने का प्लान बनाया. ताकि दोनों शादी कर सकें। मामले में सगीर अहमद का फर्जी आधार कार्ड अतुल कुमार के नाम से बनाकर आर्य समाज मंदिर और उच्च न्यायालय इलाहाबाद में शादी कराई। वकील ने अज्ञात शव की तलाश के लिए लगभग आठ महीने तक इंतजार किया।

**फर्जी दस्तावेज बनाए**

आरोपी ने बड़ा लालच देकर लोगों के फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश को अंजाम दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पत्नी शिखा अग्रवाल ने बताया कि हेतराम हरियाणा के जींद का रहने वाला है। उसने 2009 में उससे शादी की थी। उसने हरियाणा में पहले एक शादी करके रखी हुई है, दूसरी शादी उसके साथ की हुई है. तीसरी शादी बुलंदशहर में की है और चौथी शादी करने की तैयारी में था।

## व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई 8 को

**वाराणसी, एजेंसी :** वाराणसी की एक अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में शुरू की गई पूजा को रोकने के लिए इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से एक फरवरी को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गयी थी। इस अर्जी में कहा गया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाएगी। सोमवार को जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार (पंचम) के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में चल रही है, तो इसे यहां सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस मामले में उच्च न्यायालय में सुनवाई को देखते हुए प्रभारी जिला जज ने यहां मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है।

# कानपुर देहात में सड़क हादसा छह की मौत, दो बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**▸▸ इटावा से तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे कार सवार लोग**

**अमृत विचार :** सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिंकदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### नशे में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर हटाए गए, होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** देवरिया में ड्यूटी के दौरान डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान को नशे में पाए जाने के प्रकरण को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सोमवार को देवरिया सीएमओ को तत्काल प्रभाव से आरोपी डॉक्टर को हटाने के निर्देश दिए हैं। देवरिया के बैतालपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप हैं कि ड्यूटी के दौरान वह नशा करते हैं। ब्रजेश पाठक ने मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लेते हुए डॉ. चौहान को हटाने की संस्तुति की है। साथ ही देवरिया सीएमओ को प्रकरण की जाँच तीन दिन में पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। गाजीपुर के मनिहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आग लगने से पाँच एम्बुलेंस के जल जाने के प्रकरण की जाँच होगी। इसके लिए सीएमओ के अधीन दो सदस्यीय जाँच कमेटी गठित की गई है। जिसमें अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयनाथ सिंह एवं डॉ. मनोज कुमार सिंह हैं। कमेटी को तीन दिन में जाँच पूरी करनी होगी। जॉच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमिका की हत्या के बाद खुद को गोली मारी

**बुलंदशहर, एजेंसी :** जिले के स्याना थाना इलाके में सोमवार को एक युवक ने कथित तौर पर युवती की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि स्याना थाना इलाके के नयावास निवासी टीटू (30) ने गांव की ही रहने वाली युवती नेहा (28) के घर में जाकर उसको गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद टीटू ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। प्रसाद ने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में यह जानकारी सामने आयी कि नेहा की शादी तय होने से नाराज़ टीटू ने इस वारदात को अंजाम दिया। नेहा की 13 फरवरी को शादी होनी थी। प्रेमिका की शादी किसी और से तय हो जाने से नाराज युवक उसके घर पहुंचा. पहले प्रेमिका को गोली मारी फिर उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर उसने कहीं से अवैध तमंचे की व्यवस्था की और नेहा के घर पहुंच गया।

### ट्रेन में औरतों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चलती ट्रेन में एक महिला के साथ सामुहिक दुराचार किए जाने व उसे ट्रेन से फेंकने के वर्ष 2016 के मामले पर दर्ज स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए, रेल मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। साथ ही न्यायालय ने पूछा है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने मऊ में हुई उक्त घटना पर दर्ज स्वत: संज्ञान याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया गया कि उक्त घटना की पीड़िता को पाउने चार लाख रुपये मुआवजे में से दो लाख 81 हजार रुपये दिए जा चुके हैं, इस पर न्यायालय ने पूछा कि अब तक बाके एकई रकम क्यों नहीं दी गई। मामले की अगली सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में होगी।

### आज रामलला के दरबार में होगी अरुणाचल सरकार

अयोध्या,अमृत विचार : भाजपा के श्रीराम दर्शन यात्रा के तहत मंगलवार को अरुणाचल सरकार रामलला के दरबार में होगी। यात्रा के मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत 70 लोग विशेष विमान से सुबह सुबह 9 बजे हवाई अड्डे पहुंचेंगे और दर्शन-पूजन के बाद वापस रवाना होंगे। हवाई अड्डे पर स्वागत का जिम्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों को सौंपा गया है। स्वागत प्रभारी शैलेंद्र कोरी को बनाया गया है।

## लुईस खुर्शीद ने अपनी ही पार्टी के सचिव को चप्पल मारने को कहा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**▸▸ कांग्रेस की बैठक में अभद्र भाषा बोलने का वीडियो वायरल**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगीं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने बैठक के दौरान अपनी ही पार्टी के सचिव व जनरल सेक्रेटरी को चप्पल मारने की बात कह डाली। अभद्र भाषा बोलने का उनका यह वीडियो वायरल होने से राजनीतिक गलियारों में चकचक शुरू हो गई है। इसके बाद कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने जहां अपना मोबाइल बंद कर लिया, वहीं प्रदेश सचिव अनूप वर्मा ने इस संबंध में लुईस खुर्शीद से बात करने की बात कही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बैठक में कह रही हैं कि एक बार प्रियंका गांधी ने उन्हें बुलाया और पूछा कि आपके क्षेत्र में क्या हो रहा है। उन्होंने (लुईस) कहा कि आप बुरा न मानें तो एक बात कहें। क्षेत्र का गणित बताने के बाद उन्होंने (लुईस) कहा कि जब पार्टी का कोई सचिव या कोई जनरल सेक्रेटरी आए और यह कहे कि सलमान खुर्शीद कौन है, लुईस खुर्शीद कौन हैं तो इस पर उन्हें आपत्ति है।



लुईस खुर्शीद।

वीडियो में लुईस आगे कह रही है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ता को कहा कि अगली बार कोई सचिव ऐसी बात कहें तो पहले प्रेस को बुलाइये और प्रेस के सामने अपना चप्पल उतारकर मारो...। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने बताया कि लुईस खुर्शीद ने कोई अभद्रता वाली टिप्पणी नहीं की। इस संबंध में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# सेवानिवृत्ति परिलाभों के निर्धारण के समय तदर्थ सेवा की गणना आवश्यक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ याची को एक माह के भीतर बकाया भुगतान देने के निर्देश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों का निर्धारण करते समय कर्मचारी की तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवाओं की गणना भी होनी चाहिए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने रामसेवक यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को एक परमादेश जारी किया कि इस निर्णय की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 2 महीने की अवधि के भीतर याची की पेंशन और ग्रेच्युटी सहित सभी सेवानिवृत्ति परिलाभों को संशोधित और पुनर्निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही संशोधित लाभों के बकाया का भुगतान 1 महीने के भीतर याची को किया जाए।



भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी की स्थिति में याची देय बकाया दर पर 6% प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज का हकदार होगा।

गौरतलब है कि याची नगर पालिका परिषद, इटावा के जल आपूर्ति विभाग में 2 सितंबर 1988 से तदर्थ आधार पर पंप अटेंडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी सेवाएं मार्च 2006 में नियमित कर दी गईं और जुलाई 2022 में वह सेवानिवृत्त हो गये। याची के सेवानिवृत्ति के बाद के बकाए का सत्यापन उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा विभाग, कानपुर द्वारा किया गया था, लेकिन विपक्षियों द्वारा याची की पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति परिलाभों को निर्धारित करते समय नियमितीकरण से पहले तदर्थ आधार पर प्रदान की गई याची की सेवा अवधि को ध्यान में न रखना एक स्पष्ट त्रुटि है। कोर्ट ने पाया कि सेवानिवृत्ति परिलाभों का निर्धारण तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवा अवधि को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने मुख्य रूप से इस आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के साथ साथ निर्देशक स्थानीय निकाय, लखनऊ को निबंधन (अनुपालन) द्वारा भेजने का निर्देश दिया है।

## वर्ग पहेली-334

**बाएं से दाएं**

1.1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।
7.1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

**ऊपर से नीचे**

2.1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4.1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।




### वर्ग पहेली - 333 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टे | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पै | सि | टी |

## सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-एकादशी 16.07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 07.35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06.27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृष:** आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क:** आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

**सिंह:** आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

**कन्या:** आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**तुला:** आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**धनु:** आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे,लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

**मकर:** आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

**कुंभ:** आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**मीन:** आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
जुआरी — सुबह : 09.41
अनाड़ी — रात : 07.00

Sony Max
पीके — सुबह : 09.50
मलंग — रात : 07.00

Sony Pix
जिओस्ट्राम — सुबह : 08.47
स्पाइडर मैन :होमकमिंग — रात : 09.00

Zee Cinema
खलनायक — सुबह : 10.30
यमला पगला दीवाना 2 — रात : 07.30

Colors Cineplex
चिराग — दोपहर : 12.25
आंदोलन — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

# इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

## पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

### मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 15.5 ओवर 6 विकेट | 17.2 ओवर 3 विकेट |

# हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

## खेल डायरी

### फज्र बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

### सुमित की प्रगति फिटनेस पर निर्भर: अमृतराज

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस के दिग्गज आनंद अमृतराज का मानना है कि भारतीय



टेनिस स्टार सुमित नागल की प्रगति और शीर्ष 100 में उनका प्रवेश उनकी फिटनेस और तेजी पर निर्भर करेगा। नागल ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल के मुख्य ड्रॉ के दूसरे दौर में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरीं। आनंद सोमवार को मद्रास क्रिकेट क्लब में डेविस कप में जीत के जश्न के कार्यक्रम में शामिल हुए। नागल वर्तमान में एटीपी एकल रैंकिंग में 121वें स्थान पर हैं और आनंद को उम्मीद है कि वह छह महीनों में शीर्ष 100 में जगह बना लेंगे। नागल के अलावा आनंद ने शीर्ष 100 में जगह बनाने के लिए तमिलनाडु के दो और भारतीय खिलाड़ियों रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार का भी समर्थन किया।

### बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

**अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप**

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

### मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज



**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से प्रशंसकों और सरकार की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की।

### फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

# जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में की 1-1 की बराबरी

## इंग्लैंड की दूसरी पारी में 106 रन से दी मात, भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार



**पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा**

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा।



दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दूसरी पारी में इंग्लैंड के जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़े। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट लेने का कारनामा पूरा नहीं कर सके और वे इस रिकॉर्ड से 1 विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) व टॉम हार्टले (36) ने 8वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)**

**इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप | 73 | 132 | 8/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद पगबाधा अक्षर | 23 | 31 | 5/0 |
| ओली पोप का रोहित बो अश्विन | 23 | 21 | 5/0 |
| जो रूट का अक्षर बो अश्विन | 16 | 10 | 2/1 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह | 26 | 36 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर) | 11 | 29 | 1/0 |
| बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह | 36 | 69 | 4/1 |
| टॉम हार्टले बो बुमराह | 36 | 47 | 5/1 |
| शोएब बशीर का भरत बो मुकेश | 00 | 08 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 05 | 08 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17 .2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

### इंग्लैंड पर जीत से भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा

**दुबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को विशाखापत्तनम में दूसरे क्रिकेट टेस्ट में जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत इस जीत से एक बार फिर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा है और उसने आईसीसी डब्ल्यूटीसी 2023-25 तालिका में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया और अपने बीच के अंतर को कम कर दिया। हैदराबाद में पहले टेस्ट में हार के बाद भारत तालिका में पांचवें स्थान पर आ गया था। विशाखापत्तनम में जीत से भारत के अंक 52.77% हो गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 55.00% अंक के साथ शीर्ष पर है। तालिका में शामिल शीर्ष पांच टीमों के बीच सिर्फ 5% का अंतर है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला ड्रॉ कराकर भारत कुछ समय के लिए शीर्ष पर आया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर दोबारा शीर्ष पर पहुंच गया।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी**

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप**



**भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में बनाई जगह**

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

### श्रेष्ठ टीमों की शैली को जानने का मिलेगा मौका

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग में भारत के युवा हॉकी



खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को जानने का मौका होगा। उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची।



# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

### फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर मायावन के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है। चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## 31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 को



प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। 10 लाख की आबादी वाले चिली के वालपराइसो के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

### न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**वेलिंगटन।** पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

### बीएसएफ ने सरहद पर गिरफ्तार किया पाकिस्तानी घुसपैठिया

**तरन तारन।** सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को तरन तारन जिले के पल्लोपति गांव से सटे इलाके में सीमा के पास एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पकड़े गए 16 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तान के कसूर का निवासी बताया है। बीएसएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य एजेंसियों ने शुरुआती पूछताछ की, जिससे पता चला कि पकड़ा गया व्यक्ति जवाब देने में कुशल है और आसपास के इलाके से अच्छी तरह वाकिफ है। घुसपैठिये के पास से एक मोबाइल फोन और 100 रुपये का एक पाक मुद्रा नोट बरामद किया गया। मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया।

### पूनम की सर्वाइकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी शबांग ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

## विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।



ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

## साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

**2025** तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।



### आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।





### अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

### जटिल पासवर्ड बनाएं

अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।







### ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

### खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।



### मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

# 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

**माले, एजेंसी**

**10** मई तक मालदीव वापस भेजेगा शेष भारतीय सैनिक

**55** सांसदों ने राष्ट्रपति मुइज्जू के फैसले का किया बहिष्कार

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मई तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।



### सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

### मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।



## प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।



▸▸ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं



### चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

## चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

### माइनस 8 डिग्री में मार्च...






**लद्दाख :** लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। उन्होंने कहा, अब 19 फरवरी से अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। बता दें, लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

## खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।



### आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

## मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई।** भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

## एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

**05** साल तक 18 हजार प्रति वर्ष रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड किए जाएंगे जारी

अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।




**विज्ञान** चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

# उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

### 27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।



## पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय चुनाव

**272** सीटों पर होगा आम चुनाव 10 अल्पसंख्यक समुदाय के लिए हैं आरक्षित

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

### महिलाओं के लिए आरक्षित हैं 60 सीटें

नेशनल असेंबली की कुल 342 सीटें हैं। इनमें से 272 सीटों पर सीधे चुनाव होता है, जबकि 70 सदस्यों को खास तरह से चुना जाता है। इनमें से 60 सीटें महिलाओं के लिए पहले से आरक्षित रहती हैं। जबकि 10 सीटें देश के पारंपरिक और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षित हैं। चुनाव का परिणाम आने के बाद जिस पार्टी या गठबंधन के पास बहुमत होता है, उस पार्टी का प्रधानमंत्री चुना जाता है।

### चुनावी मैदान में उतरे आतंकी हाफिज के रिश्तेदार



मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

### 3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरीं



पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।